**एक नजर**

## ट्रेन महिला यात्री के बैग से लाखों रुपए के जेवर चोरी

**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई उसलापुर से पावर हाउस आने के लिए अमरकंटक एक्सप्रेस में सवार एक महिला चोरी का शिकार हो गई किसी अज्ञात आरोपित ने महिला के बैग का चेन खोलकर उसमें से लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए घटना की शिकायत पर जीआरपी भिलाई तीन ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है भिलाई तीन जीआरपी पुलिस बताया कि आशीष नगर पश्चिम निवासी रेनू सिंह आठ फरवरी को अपने परिवार सहित अमरकंटक एक्सप्रेस में उसलापुर से पावर हाउस तक की यात्रा कर रही थी जब ट्रेन भिलाई-तीन रेलवे स्टेशन पहुंची तो महिला ने देखा कि उसकी सास बीना सिंह के बैग में रखे जेवर को किसी अज्ञात आरोपित ने चोरी कर लिया है। एक थैले में सोने-चांदी के जेवर बैग में रखकर उसे सीट के नीचे रखा गया था। इसी दौरान किसी अज्ञात आरोपित ने बैग में से जेवर चोरी कर लिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब पांच लाख रुपये से भी अधिक आकी गई है। पीड़िता एस-2 बोगी में सफर कर रही थी। आरोपित का सुराग तलाशने के लिए उसलापुर से पावर हाउस के बीच स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है ताकि आरोपित का सुराग मिल सके ।

## अनाचार का आरोपी आरक्षक निलंबित

**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई अपने सहकर्मी के पत्नी के साथ अनाचार करने वाले आरक्षक को एसपी ने निलंबित कर पुलिस लाइन में अटैच किया है मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस लाइन दुर्ग निवासी आरक्षक दीपक मानिकपुरी ने अपने सहकर्मी के पत्नी को धमकी देकर अनाचार किया था दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आरोपी आरक्षक पर कार्रवाई कर उसे पुलिस लाइन से संबंध किया है गौरतलब हो कि आरक्षक दीपक मानिकपुरी वर्ष 2022 से महिला को डरा धमका कर अनाचार करता रहा परेशान महिला ने घटना की शिकायत पर पुलिस में किया तब से आरोपी आरक्षक फरार है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धार 376,506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

## सड़क हादसे में बालक की मौत

**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई सड़क दुर्घटना में नाबालिग बालक की मौत हो गई घटना उमदा त्रिसंगम चौक भिलाई 3 का है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है भिलाई -3 पुलिस ने बताया कि चांदनी चौक यादव मोहल्ला पुरैना निवासी लक्ष्मण प्रसाद पटेल उर्फ लक्की 17 वर्ष अपनी बाइक से जा रहा था इस दौरान अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लक्ष्मण प्रसाद पटेल को चपेट में लेकर फरार हो गया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया पीएम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया पुलिस सीसी कैमरे से अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है मृतक दो भाईयों में छोटा था उसके माता-पिता बलौदाबाजार जिले में रहते है। मजदूरी भिलाई आया था ।

## शहर वार्ड की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले आयुक्त

**दुर्ग,13 फरवरी।** नगर पालिक निगम।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर अल सुबह सिकोला भाठा क्षेत्र के निरीक्षण के लिए पहुँचे।उन्होंने वार्ड क्रमांक 14 सिकोला भाठा स्कूल के आस-पास किराना दुकान व शिव मंदिर गली सहित सिकोला बस्ती में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के अलावा सफाई अमला मौजूद रहें। शहर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आयुक्त मॉनिटरिंग करते है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर प्रतिदिन वार्डो में भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था का निरीक्षण एवं रहवासियों से फीडबैक ले रहे है।उन्होंने सफाई अमला से कहा कि सफाई व्यवस्था में जो भी कमियां दिखाई दिए उसे सुधारने के दिशा निर्देश दिये।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने ग्रीन चौक,स्टेशन रोड़, गुरुद्वारा रोड इत्यादि क्षेत्रो का भ्रमण किया।उन्होंने सिकोला भाठा सफाई व्यवस्था के दौरान वार्ड रहवासियों से कहा नल को व्यर्थ खुला न छोड़े,पानी भरने के बाद नल तुरंत बंद कर दे।जहाँ नलों में टोटी नही लगी है।टोटी लगवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गली, मोहल्लों के साथ ही प्रमुख सड़कों से कचरा प्रतिदिन उठाना सुनिश्चित करें। इस दौरान निगमायुक्त ने पब्लिक से भी फीडबैक लिया।स्थानीय रहवासियों ने समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था बनाए रखना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, सभी को साथ मिलकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की आवश्यकता है। कचरे को इधर-उधर न फेंककर निर्धारित डस्टबिन में ही डालकर सफाई कर्मचारियों को देने की अपील उन्होंने की है। वही कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं।

## समय के पूर्व टैक्स भुगतान करने की अपील की आयुक्त ने

**दुर्ग,13 फरवरी।** नगर पालिक निगम दुर्ग ने बड़े बकायादारों के घर घर पहुँचकर टैक्स वसूली हेतु दस्तक देने प्रारंभ कर दिया है।उसका नतीजा यह है कि फरवरी माह में छुट्टी के दिन को छोडकर 10 फरवरी तक 1 करोड़ 5 लाख रुपये का टैक्स कलेक्शन किया है।जबकि फरवरी माह में कुल 5 करोड़ रुपये टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व/स्पैरो को टैक्स वसूली हेतु दिया गया है।बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर बकाया टैक्स की राशि जमा करने हेतु सूचित कर दिया गया है।राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ,उप राजस्व निरीक्षक निशांत यादव,योगेश सूरे,स्पैरो मैनेजर अंकुर राहुल एवं निगम के एआईआई और टीएल एवं टीसी के द्वारा हर बड़े बकायादारों एवं छोटे बकायादारों दोनो के घर पहुँचकर उन्हें टैक्स की राशि जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।एवं जागरूक करदाता जिनके द्वारा करो कि राशी जमा कर दी जा रही है।उन्हें गुलदस्ता भेंट किया जा रही है।जिसके तहत जलाराम वाटिका के मुकेश ,सरस्वती विद्यापीठ के यादव,एवं इंदौर सेव भंडार से साहू ओर बड़े जागरूक कर दाताओं का गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया जा रहा है।

# प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने महतारी वंदन योजना शिविर का लिया जायजा

### महिलाओं को फार्म भरने या अन्य किसी प्रकार की न हो समस्या



**भिलाई, 13 फरवरी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आरंभ की गई महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए बड़ी संख्या में आवेदन भरने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय सेक्टर-4 में आयोजित शिविर में जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिविर का स्थल का जायजा लेते हुए महिलाओं से बातचीत की एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि महिलाओं को फार्म भरने या अन्य किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश भर में फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आवेदन कर रही हैं। महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस योजना से हर महीने मिलने वाली राशि से महिलाएं अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी और सम्मानजनक जीवन निर्वाह कर सकेंगी। इस दौरान पार्षद श्रीमती ईश्वरी नेताम, पूर्व पार्षद रिंकू साहू, आशीष पाण्डेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

## बीएसपी, सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2023-24 की करेगा मेजबानी

**भिलाई, 13 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, 15 से 17 फरवरी 2024 के मध्य भिलाई में आयोजित सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2023-24 की मेजबानी करने जा रहा है। इस 3 दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन वॉलीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर-01, भिलाई में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में भिलाई इस्पात संयंत्र की वॉलीबॉल टीम के साथ-साथ विभिन्न इस्पात संयंत्रों की कुल 10 टीमें भाग ले रही है। भाग लेने वाली अन्य टीमों में एएसपी और डीएसपी, दुर्गापुर, आईएसपी, बर्नपुर, आरडीसीआईएस, रांची, आरएसपी, राउरकेला, एसएसपी, सेलम, आरआईएनएल, बीएसएल, बोकारो, एसआरयू और सेल-कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली की टीम शामिल हैं।

# समय की मांग है जैविक खेती:शाक्य



**भिलाई, 13 फरवरी।** श्री विष्णु जैविक कृषि केंद्र बेलौदी में नई गौशाला हेतु शेड एक्सटेंशन एवं कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन विगत रविवार 11 फरवरी को किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के डायरेक्टर ऑफ़ एक्सटेंशन एजुकेशन डॉ संजय शाक्य ने कहा कि जैविक कृषि का महत्त्व दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। खेती करने के तरीकों में न केवल समय एवं मौसम को देखते हुए बदलाव आया है बल्कि उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्तापरक कृषि को भी बढ़ावा मिला है। सुखद है कि किसान भाई जैविक खेती के महत्त्व को समझ कर उस ओर उन्मुख हुए हैं। खासकर आज की जीवन शैली को देखते हुए जरूरी हो गया है कीटनाशकों का प्रयोग कम कर हम गोबर खाद की ओर मुड़ें। मिट्टी को उर्वरक बनाने के लिए हमें वैज्ञानिकता के साथ ही पारम्परिक तरीकों को भी अपनाना चाहिए। कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा के प्रमुख डॉ विकास खुने ने खेती-किसानी के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आज के दौर में कीटनशकों का प्रयोग बढ़ते जाना वाकई चिंता का विषय है। हमें जैविक कृषि कि ओर ज्यादा-से-ज्यादा उन्मुख होना होगा। सीनियर अधिवक्ता सीएस कनोजे ने कहा कि जैविक कृषि स्वस्थ जीवन का आधार है। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल ने इस अवसर पर जैविक कृषि के क्षेत्र में बिहारीलाल एवं मंजुबाला के प्रयासों कि सराहना करते हुए कहा कि हमें अपनी चिंता छोड़कर प्रकृति कि चिंता करनी चाहिए इसकी सीख मिलती है । जैविक कृषि का विस्तार जरूरी है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ निशा शर्मा ने कहा कि लाइफ स्टाइल में हो रहा बदलाव हमें सोचने पर मजबूर करता है। हमें अपने जीवन मूल्यों के साथ समझौता नहीं करना है और जैविक कृषि की ओर अग्रसर होना है । इस अवसर पर श्री विष्णु जैविक कृषि केंद्र बेलौदी के संचालक बिहारीलाल कुशवाहा ने अपने कृषि केंद्र की उपयोगिता एवं जैविक खेती की खासियत पर रोचक प्रस्तुति दी। उन्होंने जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया से भी लोगों को अवगत कराया। उनके साथ जैविक कृषि में साथ निभा रहीं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मंजुबाला ने अतिथियों का स्वागत किया एवं हैदराबाद से आई इंजिनियर सुजाता वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इंजीनियरिंग स्टूडेंट सन्नी कुशवाहा ने अभ्यागतों का स्वागत किया। पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर किसानों से लेकर आसपास के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## राम उपकार तिवारी बने दुर्ग लोकसभा चुनाव के सह संयोजक

**भिलाई, 13 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान की प्रदेश स्तरीय एवं लोकसभा स्तरीय टीम की घोषणा की गई है जिसमें प्रदेश संयोजक प्रदेश के महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता रामजी भारती को बनाया गया है। उन्होंने पूरे 11 लोकसभा के संयोजक की नियुक्ति की है, जिसमें दुर्ग लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी किसान प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष राम उपकार तिवारी को सह संयोजक बनाया गया है। राम उपकार तिवारी ने पूर्व में लोकसभा एवं विधान सभा से लेकर नगरीय निकाय चुनावों तक बीजेपी को विजयश्री दिलाने में अपनी अहम् भूमिका का निर्वहन किया, जिसे देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।



तिवारी ने यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर संकल्प लिया है कि पिछली बार दुर्ग लोकसभा 392000 वोटो से हमने जीता था, इस बार हम उससे बहुत ज्यादा बहुमत से जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 सीटों के पार के लक्ष्य को पूरा करेंगे तथा छत्तीसगढ़ की समस्त लोकसभा सीट जीतकर उन्हें उपहार स्वरूप भेंट करेंगे। राम उपकार तिवारी को दुर्ग लोकसभा का सह संयोजक बनाये जाने पर उनके समर्थकों एवं इष्ट मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# आयुक्त ने क्षेत्र भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्यों को जायजा लिया



**भिलाई, 13 फरवरी।** निगम क्षेत्र क्षेत्र में चल रहे नियमित सफाई कार्य, निर्माण कार्य एवं पेयजल आपूर्ति का स्थल अवलोकन करने आयुक्त प्रातः 6 बजे से क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। सोमवार को आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोन-1 नेहरू नगर के विभिन्न वार्डो में पहुँचकर सफाई व्यवस्था को देखा। उन्होने दो-तीन नाली को जोड़ने वाले स्थल में बह कर आने वाले कचरे की सफाई नियमित रूप से करने को कहा ताकि जल जमा की स्थिति न बने। भ्रमण के दौरान आयुक्त कोहका पानी टंकी पहुँचे और पेयजल हेतु क्षेत्र में सप्लाई किये जा रहे पानी की नियमित नमुना जॉच कर रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिये। ध्रुव कोहका के साकेत नगर पहुंचकर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति को रोकने रिसाव वाले जगह को चिन्हित कर जल प्रवास को रोकने के निर्देश दिये हैं। सभी जोन आयुक्त भी अपने प्रभार क्षेत्र का प्रातः भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्य, सफाई एवं जल प्रदाय पाइप की जांच कर हुए लीकेज का तत्काल संधारण करवा रहे हैं साथ ही डोर टू डोर किये जा रहे कचरा संग्रहण में लोगों को सूखा और गीला कचरा को पृथक कर देने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

## स्वयं सहायता समूह की दीदियों को मिला सम्मान

**राजनांदगाव,13 फरवरी।** खैरागढ़ सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण शक्ति वंदन अभियान में राजनांदगाव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कोमल जंघेल, घम्मन साहू, रामाधार रजक,विकेश गुप्ता, विनय देवांगन, कमलेश कोठले,आलोक श्रीवास,चंदूलाल वर्मा,गोरेलाल वर्मा, जैनेंद्र जंघेल, गिरिजा चंद्राकर, प्रीति यादव, कांता यादव, डेविन कोठले, इंद्राणी वर्मा, जयंत्री साहू,वंदना टांडेकर, अनूप वर्मा आदि के आतिथी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू एवं उपस्थित अन्य अतिथियो द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान गुलदस्ता भेंटकर किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की बहनों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ।

## रानीतराई सती माता के चरित्र से प्रत्येक जीव को शिक्षा लेना चाहिए : गोपिकेश्वरी देवी



**उतई, 13 फरवरी।** रानीतराई में चल रहे श्री राम कथा में द्वितीय दिन बताया कि सती माता शंकर जी के आज्ञा का उलंघन करके बिना आमंत्रण के अपने पिता दक्ष प्रजापति के घर गयी तो वहा बहुत अपमानित हुयी और स्वयं के शरीर को भी भस्म करना पड़ा।इसलिए बिना आमंत्रण के किसी के घर किसी भी जीव को नहीं जाना चाहिए चाहे वह अपनी स्वजन ही क्यों न हो। फिर शिव पार्वती की शादी उत्सव मनाया गया ,भगवान शिव पार्वती के विवाह का उपस्थित भक्त जनों ने आनंद उत्सव मनाया।आज श्री राम कथा स्थल पर इतवारी साहू ,दूज राम साहू ,सेवक राम यदु , ,आलोक बंछोर ,श्रीमति बसंती वर्मा ,सरपंच निर्मल जैन आयोजक समिति सदस्य धनराज साहू ,अशोक शर्मा पूर्व जनपद सदस्य, जितेंद्र धुरंधर , प्रशान्त तिवारी ,नीलमणि साहू ,सुआंजना चक्रधारी ,सरोज साहू , प्रिया चक्रधारी ,सीमा धुरंधर ,वीरेंद्र बंछोर , पंच राम चक्रधारी ,सालिक चक्रधारी , सहित श्रद्धालु जन उपस्थित रहे ।

## 5 स्काउट गाइड का राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन



**उतई, 13 फरवरी।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई के कक्षा दसवीं स्काउट-गाइड के पांच विद्यार्थियों वेदांत वर्मा ,यिशांत सिन्हा, शुभांग साहू ,पुष्कर यादव एवं भूपेश साहू का राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन हुआ । यह उपलब्धि स्टेट लेवल राज्यपाल टेस्टिंग कैंप में सफल होकर हासिल किये तथा वे राष्ट्रीय लेवल राष्ट्रपति टेस्टिंग कैंप के लिए क्वालीफाई कर लिए है । इनके इस उपलब्धि पर विद्यालय के स्काउट मास्टर तरुण यादव का सराहनीय योगदान रहा । इन्हें इस उपलब्धि पर दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा विद्यालय के प्राचार्य के.आर. सिन्हा, प्रधान पाठक एन के चंद्राकर, उप प्राचार्या अनीता अहीर ,शांता सोनवानी ,शरणजीत कौर, एस आर सेन एवं समस्त विद्यालय परिवार ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ



**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 7 वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 11 फरवरी को महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि चीफ कंट्रोलर ऑफ माइंस इंचार्ज एम डी आर- भारतीय खान ब्यूरो नागपुर पीयूष नारायण शर्मा थे तथा विशेष अतिथि के रूप में कंट्रोलर ऑफ माइंस सेन्ट्रल जोन - भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर डॉ वाय जी काले उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय खान नियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के संरक्षक प्रेम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के अध्यक्ष समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के सहक्ष्अध्यक्ष बी के गिरी तथा निदेशक गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के उपाध्यक्ष विनोद पिल्लई मंचासीन थे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय खनन भू-विज्ञानी भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के संयोजक देवदुर्लभ दाश, उप-खान नियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र दयानंद उपाध्याय तथा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। समापन समारोह के कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि पीयूष नारायण शर्मा ने अपने उद्बोधन में खान बिरादरी को प्राचीन भारतीय परंपरा में उद्धृत प्रकृति के साथ सामंजस्य की व्यवस्था को आत्मसात कर, समेकित खनन दृष्टिकोण अपनाने और खनन करने का सुझाव दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 पर प्रकाशित स्मारिका एवं बनाये गए कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। एस आर जी ग्रुप की प्रस्तुति, छत्तीसगढ़ लोकनृत्यों की एक गुलदस्ता ङ्क रंगझांझर एवं राजहरा खदान के कर्मियो द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। देवदुर्लभ दाश ने पर्यावरण बंधु एवं थीम पुरस्कारों की घोषणा की। विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण किया गया। सी श्रीकांत महाप्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

# महिला से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र सेलून चलाने वाली महिला की चाय नशे की गोलियां डालकर आरोपी मोहम्मद आरिफ रजा ने अनाचार करने का मामला सामने आया है। इस बीच उसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करता रहा। इस बीच दो साल तक शादी का झांसा देता रहा। इस पर महिला ने पिछले माह आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करा दी। करीब महीने बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर धारा 376(2)एन, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी सेलून दुकान है। उसके यहां काम करने वाले सहकर्मी ने केलबाड़ी दुर्ग निवासी मोहम्मद आरिफ रजा से अगस्त 2020 में परिचय कराया। इसके बाद इस्टाग्राम के जरिए दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। इस बीच 12 नवंबर की शाम आरिफ उसे परिजनों से मुलाकात कराने की बोलकर न्यू दीनदयाल कॉलोनी खम्हरिया में ले गया, जहां घर पर ताला लगा हुआ था। पूछने पर 10-15 मिनट में परिजनो के आने की बात कही। इस पर अंदर लेजकर उसके लिए चाय बनाकर दी, जिसमें नशे की गोली मिली थी। इसकी वजह से चाय पीकर उसे चक्कर आने लगा। इसके बाद उसके साथ अनाचार किया। नशा कम होने पर उसने विरोध किया और थाने में शिकायत की बात कही तो आरिफ ने उसका गंदा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चुप करा दिया। इसके बाद उसे शादी का प्रलोभन देने लगा। इस बीच आरोपी ने 10 नवंबर 2023 को भी अनाचार किया। लेकिन नाम पर मुकरने लगा। इस पर 3 जनवरी को मोहम्मद आरिफ रजा के खिलाफ अपराध दर्ज करा दिया सोमवार को आरोपी आरिफ रजा ने थाने में सरेंदर किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे



**रिसाली।** विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दूसरे चरण के तहत सोमवार को 9 हजार से अधिक महिला पुरुष शिविर स्थल पहुंचे। निगम के अंतिम छोर पुरैना और एचएससीएल मरोदा में शिविर लगाया गया। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने दोनो स्थल का निरीक्षण कर हितग्राहियों को योजना के बारे में जानकारी दी। दरअसल शिविर स्थल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है। काबिज निवास स्थल भिलाई इस्पात संयंत्र और रेलवे के क्षेत्राधिकार में है। पट्टा नहीं होने की वजह से निगम कर्मचारियों ने आम लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना के अलावा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी दी। शिविर का उद्घाटन पार्षद ओमप्रकाश मिर्झा, रंजीता बेनुआ, पार्वती महानंद, सरिता देवांगन, रेखा देवी, विनय नेताम, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, विक्की सोनी, दुर्गेश साहू, लक्ष्मण राव आदि लोग उपस्थित थे। एच.एस.सी.एल. कालोनी स्टेशन मरोदा में आधार अपडेट कराने वालों की संख्या अधिक थी। यहां आधार अपडेट नहीं होने की वजह से योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत हो रही थी। आयुक्त की पहल पर शिविर स्थल पर आधार अपडेट करने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई। शिविर में कई ऐसे गरीब महिलाएं थी जिन्हें उज्जवला योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। खाद्य विभाग द्वारा

# यूनिवर्सल रेल मिल ने रेल प्रोफाइल में बनाया नया रिकॉर्ड



**भिलाई, 13 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल ने एक बार फिर अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज कर नया रिकॉर्ड हासिल किया है। 260 मीटर रेल पैनल का उत्पादन करने वाली मिल ने, 03 फरवरी, 2024 को ऋ260-60श्1 के प्रोफाइल में रिकॉर्ड 3,835 टन (453 ब्लूम) का उत्पादन करके नया ÷डे रिकॉर्ड÷ हासिल किया है, जो 19 सितंबर, 2023 को बनाये 3,623 टन (428 ब्लूम) के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार कर गया है। जनवरी 2024 के महीने में, यूआरएम ने क्रमशः 11,124 नग रोलिंग, 86,733 टन फिनिश्ड रेल उत्पादन, 82,439 टन प्राइम रेल उत्पादन और 5,184 वेल्डेड रेल पैनल में, अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया है। जो दिसंबर 2023 के पिछले महीने में बनाये गए रिकॉर्ड को पार कर गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और प्लांट के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर यूआरएम की टीम को बधाई दी और टीम को यूआरएम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु, इसी भावना के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।

## संपादकीय

# तीन और नेताओं को भारत रत्न,चौंकाने वाला फैसला

मोदी सरकार कोई भी बड़ा फैसला करती है तो वह चौंकाने वाला फैसला होदा है, देश की जनता को वह फैसला अच्छा लगता है तो विपक्ष के नेताओं के लिए वह चौंकाने वाला फैसला होताहै, वह सोच ही नहीं पाते हैं कि मोदी सरकार ऐसा करेगी और मोदी सरकार वैसा करके दिखा देती है। यह फैसला ऐसा होता है कि विपक्ष को भी मोदी सरकार के फैसले की तारीफ करनी पड़ती है। कहना पड़ता है कि हम उसका स्वागत करते हैं। इस बार मोदी सरकार ने तीन महापुरुषों को भारत रत्न देने का फैसला किया है। यह तीनों अपने क्षेत्र के महान नेता माने जाते हैं। ये ऐसे नेता थे जिन्हें अब तक देश का सर्वोच्च सम्मान मिल जाता था क्योंकि इन नेताओं ने देश के लिए काम ही ऐसा किया था कि भारत रत्न सम्मान मिलना ही था। अफसोस की बात है कि मोदी सरकार के पहले जो भी सरकारें रहीं,उनको इस बात का कभी ख्याल नहीं आया कि इन तीनों नेताओं को भी भारत रत्न दिया जाना चाहिए। इस बार मोदी सरकार ने नरसिम्हा राव,चौधरी चरण सिंह, एमएस स्वामीनाथन को भारत रत्न देने का फैसला किया। यह फैसला भी इसके पहले के दो फैसले की तरह सराहनीय फैसला है। देश के लोगों ने इस फैसले का दिल से स्वागत किया है। चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने के फैसला क्यों नहीं किया गया, यह सवाल आज उठ रहा है जब मोदी सरकार ने चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न देने का फैसला किया है।वह देश के किसान नेता थे जिन्होंन देश के किसानों के लिए लड़ाई लड़ी। उनक हित में फैसले लिए और सरकारों को भी लेने के लिए विवश किया। वह अपने समय के सबसे बड़े किसान नेता थे। उनका सम्मान देश के किसानों का सम्मान है। यही वजह है कि उनको भारत रत्न देने का फैसला किया तो देश भर के किसानों ने खुशी जाहिर की। सबसे ज्यादा खुशी उनके पौत्र जयंत सिंह को हुई। क्योंकि उनके पिता इसके लिए प्रयास करते रहे लेकिन सफल नहीं हुए। यह काम जयंत के समय हुआ है। इस फैसले का राजनीतिक लाभ भी भाजपा को हुआ। इस फैसले के बाद जयंत सपा का साथ छोड़कर भाजपा के साथ आने रहे हैं। इससे भाजपा को यूपी में राजनीतिक फायदा होगा। दूसरे महान नेता नरसिम्हा राव है, वह कांग्रेस के ऐसे नेता थे जिनको कांग्रेस के नेता ही पसंत नहीं करते थे। इसलिए कांग्रेस की सरकार तो उनको भारत रत्न कभी देने की सोच ही नहीं सकती थी। भाजपा ही ऐसा कर सकती थी और भाजपा ने ऐसा करके कांग्रेस के उन नेताओं को मुंह पर तमाचा मारा है जो नरसिम्हा राव का उतना सम्मान नहीं करते जितने सम्मान के वह हकदार हैं। पीएम मोदी ने नरसिम्हा राव को भारत रत्न देने का फैसला कर एक ओर तो उनको जो सम्मान मिलना चाहिए था वह सम्मान दिया है तथा कांग्रेस को एक्सपोज भी किया है कि कांग्रेस अपने एक परिवार नाराज हो जाएगा सोचकर अपने महान नेताओं का सम्मान तक नहीं करती है। भाजपा को इसका राजनीतिक फायदा दक्षिण भारत में होगा। क्योंकि यह सम्मान दक्षिण के एक महान नेता का सम्मान भी तो है। जहां तक एमएस स्वामीनाथन की बात है तो देश में कृषि क्रांति के वह अगुवा रहे हैं। आज देश अन्न उत्पादन के मामले में आत्मनिर्भर हुआ है तो इसका श्रेय इंदिरा गांधी की सरकार से ज्यादा एमएस स्वामीनाथन को जाता है लेकिन कांग्रेस की सरकारों ने इसके लिए उनका सम्मान कभी नहीं किया. कांग्रेस तो अपने प्रिय लोगों को ही भारत रत्न देने में व्यस्त रही । उसे देश के बहुत से लोग भारत सम्मान के लायक नहीं लगे। कांग्रेस के कई नेता तो ऐसे हुए हैं जिन्होने खुद अपना नाम भारत रत्न के लिए भेजा है। एकही परिवार के तीन लोगों को भारत रत्न मिला है तो वह नेहरू गांधी परिवार ही ऐसा परिवार है। देश के और भी नेताओं के परिवार के लोगों ने भी देश के लिए अच्छा काम किया लेकिन उनके परिवार के किसी एक को भी भारत रत्न नहीं मिला। कांग्रेस के दिए हर पुरस्कार पर देश में सवाल उठते रहे हैं, लोग कहते रहे हैं कि यह तो पुरस्कार के लिए लायक नहीं था लेकिन परिवार को प्रिय होने के कारण दिया गया है। मोदी सरकार के समय पदम श्री से लेकर भारत रत्न जिन लोगों को दिया गया है, किसी ने आज तक नहीं कहा है कि मोदी सरकार का यह फैसला गलत है। मोदी सरकार की इस बात के लिए तारीफ होती रही है कि वह ऐसे लोगो को देश में खोज लेती है जो गुमनाम रहकर देश के लिए काम करते रहते हैं,फिर एक दिन जब उनको पुरस्कार दिया जाता है पुरस्कार पाने वाला जितना खुश होता है, उससे ज्यादा खुश देश के लोग होते हैं।

# स्वागत करें ज्ञान एवं सौभाग्यरूपी उजालों का

## बसंत पंचमी

ललित गर्ग



मन की, जीवन की, संस्कृति की, साहित्य की, प्रकृति की असीम कामनाओं का अनूठा त्योहार है बसंत पंचमी, जो हर वर्ष माघ मास में शुक्ल पक्ष की पंचमी के दिन मनाया जाता है। दूसरे शब्दों में बसंत पंचमी का दूसरा नाम सरस्वती पूजा भी है। बसंत पंचमी को श्रीपंचमी, ज्ञान पंचमी भी कहा जाता है। माता सरस्वती को ज्ञान-विज्ञान, सूर-संगीत, कला, सौन्दर्य और बुद्धि की देवी माना जाता है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती ने ही जीवों को वाणी के साथ-साथ विद्या और बुद्धि दी थी। इसलिए वसंत पंचमी के दिन हर घर में सरस्वती की पूजा की जाती है। कहा जाता है कि देवी सरस्वती की पूजा सबसे पहले भगवान श्रीकृष्ण ने की थी। बसंत पंचमी जीवन में नई चीजें शुरू करने का एक शुभ दिन है। बहुत से लोग इस दिन 'गृहप्रवेश' करते हैं, कोई नया व्यवसाय शुरू करते हैं या महत्वपूर्ण परियोजनाएं शुरू करते हैं। विवाह के लिए भी बसंत पंचमी का दिन बहुत ही शुभ माना जाता है। इस त्योहार को अक्सर समृद्धि और सौभाग्य से जोड़ा जाता है।

बसंत पंचमी के साथ, यह माना जाता है कि वसंत ऋतु की शुरुआत होती है, जो फसलों की कटाई के लिए एक अच्छा समय है। फाग के राग की शुरुआत भी इसी दिन होती है। फाल्गुन का अर्थ ही है मधुमास। वो ऋतु जिसमें सर्वत्र माधुर्य ही माधुर्य हो, सौन्दर्य ही सौन्दर्य हो। वृक्ष नये पत्तों से सज गये हो, कलियां चटक रही हों, कोयल गा रही हो, हवाएं बह रही हो। ऐसे मधुर मौसम में सरस्वती पूजन वसंत की शुचिता एवं सिद्धि का प्रतीक है, एक ऊर्जा है, एक शक्ति है, एक गति है। लोकमन के आह्लाद से मुखरित वसंत ही महक और फाल्गुनी बहक के स्वर इसका लालित्य है, यही इस त्योहार की परम्परा का आह्वान है। यही क्षण है व्यक्तिवादी मनोवृत्तियों को बदलने का, ईमानदार प्रयत्नों की शुरुआत का, इंसानियत की नींव को मजबूती देने का। बहुत जरूरी है मन और मस्तिष्क की क्षमताएं सही दिशा में नियोजित हों। निर्माण का हर क्षण इतिहास बने, इसके लिये पवित्र मन से सरस्वती की साधना जरूरी है।

हिंदू पौराणिक कथाओं के अनुसार, ऐसा माना जाता है कि भगवान ब्रह्मा ने इसी दिन ब्रह्मांड का निर्माण किया था। सृष्टि की रचना करके जब उन्होंने संसार में देखा तो उन्हें चारों ओर सुनसान निर्जनता एवं नीरसता ही दिखाई दी। वातावरण बिल्कुल शांत एवं नीरस लगा जैसे किसी की वाणी ही न हो। यह सब देखने के बाद ब्रह्माजी संतुष्ट नहीं थे तब ब्रह्माजी ने भगवान विष्णुजी से अनुमति लेकर अपने कमंडल से पृथ्वी पर जल छिड़का। जल छिड़कने के बाद एक देवी प्रकट हुई। देवी के हाथ में वीणा थी। भगवान ब्रह्मा ने उनसे कुछ बजाने का अनुरोध किया ताकि पृथ्वी पर सब कुछ शांत न हो। परिणामस्वरूप, देवी ने कुछ संगीत बजाना शुरू कर दिया। तभी से उस देवी को वाणी और ज्ञान की देवी सरस्वती के नाम से जाना जाने लगा। उन्हें वीणा वादिनी के नाम से भी जाना जाता है। ऐसा माना जाता है कि देवी सरस्वती ने वाणी, बुद्धि, बल और तेज प्रदान किया। इसीलिये बसंत पंचमी का सांस्कृतिक और धार्मिक दोनों ही महत्व है। यह ज्ञान, संगीत, कला, सौंदर्यशास्त्र की देवी सरस्वती का त्योहार है। महाभारत के शांति पर्व में उन्हें वेदों की माता कहा गया है। वह अज्ञानता, अविद्या और अंधकार को दूर कर गर्मी, चमक, प्रकाश, माधुर्य, सद्भाव, पवित्रता और प्रसन्नता का संचार करती है।

बसंत को ऋतुओं का राजा अर्थात् सर्वश्रेष्ठ ऋतु माना गया है। इस समय पंचतत्त्व अपना प्रकोप छोड़कर सुहावने रूप में प्रकट होते हैं। पंच-तत्त्व- जल, वायु, धरती, आकाश और अग्नि सभी अपना मोहक रूप दिखाते हैं। आकाश स्वच्छ है, वायु सुहावनी है, अग्नि (सूर्य) रुचिकर है तो जल पीयूष के समान सुखदाता और धरती, उसका तो कहना ही क्या वह तो मानो साकार सौंदर्य का दर्शन कराने वाली प्रतीत होती है। ठंड से ठिठुरे विहंग अब उड़ने का बहाना ढूंढते हैं तो किसान लहलहाती जौ की बालियों और सरसों के फूलों को देखकर नहीं अघाते। धनी जहाँ प्रकृति के नव-सौंदर्य को देखने की लालसा प्रकट करने लगते हैं तो वहीं निर्धन शिशिर की प्रताड़ना से मुक्त होने पर सुख की अनुभूति करने लगते हैं। सच! प्रकृति तो मानो उन्मादी हो जाती है। हो भी क्यों ना! पुनर्जन्म जो हो जाता है प्रकृति का। श्रावण की पनपी हरियाली शरद के बाद हेमन्त और शिशिर में वृद्धा के समान हो जाती है, तब बसंत उसका सौन्दर्य लौटा देता है। नवगात, नवपल्लव, नवकुसुम के साथ नवगंध का उपहार देकर विलक्षण बना देता है।



बसंत पंचमी एक उत्सव ही नहीं बल्कि एक प्रेरणा भी है। बसंत पंचमी सिखाती है कि पुराने के अंत के साथ ही नए का सृजन भी होता है। असल में अंत और शुरुआत एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। बसंत ऋतु के आने से पहले पतझड़ का उदास मौसम होता है, लेकिन बसंत पंचमी के साथ ही बसंत ऋतु भी दस्तक देती है और बसंत ऋतु में पतझड़ से खाली हुए पेड़ पौधों में फिर से एक चमक, एक सुंदरता उतर आती है। जीवन का दस्तूर भी कुछ ऐसा ही है। पतझड़ की तरह खालीपन आता है लेकिन सब्र का दामन ना छोड़ें तो बसंत की बहार भी आती है। पूरे मन एवं आस्था से सरस्वती की पूजा एवं साधना करें ताकि आपकी वाणी मधुर हो, स्मरण शक्ति तीव्र हो, सौभाग्य की प्राप्ति हो, विद्या की प्राप्ति हो। सरस्वती पूजा से पति-पत्नी और बंधुजनों का कभी वियोग नहीं होता है तथा दीर्घायु एवं निरोगता प्राप्त होती है। इस दिन भक्तिपूर्वक ब्राह्मण के द्वारा स्वस्ति वाचन कराकर गंध, अक्षत, श्वेत पुष्प माला, श्वेत वस्त्रादि उपचारों से वीणा, अक्षमाला, कमण्डल, तथा पुस्तक धारण की हुई सभी अलंकारों से अलंकृत सरस्वती का पूजन करें।

मां सरस्वती को बागीश्वरी, भगवती, शारदा, वीणावादनी और वाग्देवी सहित अनेक नामों से पूजा जाता है। देवी भागवत में उल्लेख है कि माघ शुक्ल पक्ष की पंचमी को ही संगीत, काव्य, कला, शिल्प, रस, छंद, शब्द, स्वर व शक्ति की प्राप्ति जीव-जगत को हुई थी। इसीलिये मां सरस्वती को प्रकृति की देवी की उपाधि भी प्राप्त है। पद्मपुराण में मां सरस्वती का रूप प्रेरणादायी है। धर्मशास्त्रों के अनुसार मां सरस्वती का वाहन सफेद हंस है। यही कारण है कि देवी सरस्वती को हंसवाहिनी भी कहा जाता है। देवी सरस्वती विद्या की देवी हैं। देवी का वाहन हंस यही संदेश देता है कि मां सरस्वती की कृपा उसे ही प्राप्त होती है जो हंस के समान विवेक धारण करने वाला होता है। केवल हंस में ही ऐसा विवेक होता है कि वह दूध का दूध और पानी का पानी को कर सकता है। हंस दूध ग्रहण कर लेता है और पानी छोड़ देता है। इसी तरह हमें भी बुरी सोच को छोड़कर अच्छाई को ग्रहण करना चाहिए। सफेद रंग शांति और पवित्रता का प्रतीक है। यह रंग शिक्षा देता है कि अच्छी विद्या और अच्छे संस्कारों के लिए आवश्यक है कि आपका मन शांत और पवित्र हो। सभी को उच्च शिक्षा प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ती है। मेहनत के साथ ही माता सरस्वती की कृपा भी उतनी आवश्यक है। यदि आपका मन शांत और पवित्र नहीं होगा तो देवी की कृपा प्राप्त नहीं होगी और न ही पढ़ाई में सफलता मिलेगी। मां सरस्वती हमेशा सफेद वस्त्रों में होती हैं। इसके दो संकेत हैं पहला यह कि हमारा ज्ञान निर्मल हो, विकृत न हो, अहंकारमुक्त हो। जो भी ज्ञान अर्जित करें वह सकारात्मक हो। दूसरा संकेत हमारे चरित्र को लेकर है। कोई दुर्गुण हमारे चरित्र में न हो। मां ने शुभ्रवस्त्र धारण किए हैं, ये शुभ्रवस्त्र हमें प्रेरणा देते हैं कि हमें अपने भीतर सत्य, अहिंसा, क्षमा, सहनशीलता, करुणा, प्रेम व परोपकार आदि सद्गुणों को बढ़ाना चाहिए और क्रोध, मोह, लोभ, मद, अहंकार आदि परित्याग करना चाहिए।

## आज का राशिफल

मेष राशि-आज आपका दिन नया बदलाव लाने वाला है। आज सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिलेगा, जिससे आपको खुशी महसूस होगी। आज समय का सही इस्तेमाल करेंगे और हर काम को लगन से करने की ललक रहेगी। अच्छे नतीजे भी मिलेंगे। इस राशि की महिलाएं और लड़कियां खासतौर से अपने व्यक्तित्व को निखारने में ध्यान देंगी। साथ ही अपने क्षेत्र में वर्चस्व बनाए रखने की कोशिश भी रहेगी। आज कुछ पुराने दोस्तों से मिलने का मौका मिलेगा, जिनका आप काफी दिनों से इंतजार कर रहे थे। काम के सिलसिले में यात्रा करनी पड़ेगी, यात्रा लाभदायक रहेगी।

वृष राशि-आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढ़ने के नए अवसर प्राप्त होंगे। निजी व्यस्तता के चलते काम अधूरे रह सकते हैं। इस राशि के सरकारी नौकरी करने वालों को एक्स्ट्रा काम और जिम्मेदारी मिल सकती है। आप पूरे आत्मविश्वास के साथ काम कर लेंगे। आज आपको जीवनसाथी से खुशखबरी मिलेगी, जिससे पूरे दिन मन प्रसन्न रहेगा। आय के नए रास्ते बनेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। किसी कार्य को करने के लिए अपने करीबी दोस्त से सलाह लेंगे।

मिथुन राशि-आज आपका दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको किसी खास काम में अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलेगी। आप परिवार के साथ मूवी देखने का प्लान बनाएंगे। घर में नजदीकी रिश्तेदारों के आने से उत्सव का माहौल रहेगा। कई तरह के विचारों का आदान-प्रदान रहेगा। सही समय पर सही फैसला लेने से आपको नौकरी और बिजनेस में अच्छा मौका मिल सकता है। साथ ही उधार के लेन-देन करने से आज के दिन आपको बचना चाहिए। अपने समय का सदुपयोग करने से आपको लाभ होगा। आपके दांपत्य रिश्ते बेहतर रहेंगे, संतान को शिक्षा में उन्नति मिलेगी।

कर्क राशि-आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। परिवारिक माहौल बेहतर बना रहेगा। आपके काम में परिवार वालों का सहयोग बना रहेगा। कई मामलों में धीरज और धैर्य भी रखना जरूरी है। बातचीत में सही शब्दों का इस्तेमाल करें। गुस्से और जल्दबाजी से काम बिगड़ सकते हैं। कारोबार में मेहनत का फायदा मिलेगा। ऑफिस में बहुत संजीदगी से काम करें। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखना चाहिए। साथ ही आज के दिन कोई बड़ा फैसला लेने से भी बचना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए।

सिंह राशि-आज आपका दिन खुशनुमा पल लेकर आया है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बनाएंगे, योजना भविष्य में कारगर साबित होगी। आज नए कामों पर आपका ध्यान रहेगा। उसके सकारात्मक नतीजे भी मिलेंगे। अपने स्वभाव में सकारात्मक बदलाव लाएंगे। जिससे परिवार और रिश्तेदारों के बीच आपकी अच्छी इमेज बनेगी इस राशि के जो लोग नौकरी में है, आज उन्हें कोई अच्छी खबर मिलेगी। आप किसी धार्मिक यात्रा पर जाने का मन बनाएंगे। आपको रोजगार के उचित अवसर मिलेंगे।

कन्या राशि-आज का दिन अच्छा रहने वाला है। छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आएगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आज आपकी सेहत बढ़िया रहेगी। किसी विशेष काम को लेकर सफलता मिल सकती है। जिससे आप खुश रहेंगे। नए कामों की योजनाएं बनेंगी। अपनी किसी योजना पर काम करने के लिए लोगों से मदद मिल सकती है। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स पर काम करते हैं, उनकी जान-पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी, जिससे काफी लाभ मिलेगा। कारोबार में कुछ लोग आपके लिए बहुत मददगार साबित होंगे, आपको किसी दूसरी कंपनी के साथ काम करने का मौका मिलेगा।

तुला राशि-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आज ऑफिस के काम में आप थोड़े बिजी होंगे। आपको थोड़ी थकान महसूस होगी, अपने खान-पान पर विशेष ध्यान दें। आज आपके कारोबार में तेजी आएगी। सहकर्मियों की मदद से आपके काम बन जाएंगे। आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। अपने विचारों को पॉजिटिव रखना बहुत जरूरी है। आप घरेलू सामान खरीदने में पैसे खर्च करेंगे। परिवार के कुछ खास मामलों में आज आपको अनदेखी करने से बचना चाहिए। आप करियर में नए आयाम स्थापित करेंगे। लवमेट आज मूवी देखने जाएंगे। प्रोपर्टी लेने के योग बन रहे हैं।

वृश्चिक राशि-आज किसी खास काम में आपको फायदा मिलेगा। माता- पिता के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होंगे, आपके कामों में आपकी मदद भी करेंगे। सामाजिक या राजनैतिक जान-पहचान मजबूत होगी। अपने में ऊर्जा और प्रसन्नता महसूस करेंगे। परिवार के सदस्य के करियर से जुड़ी अच्छी खबर मिल सकती है। नकारात्मक परिस्थितियां बनने पर धैर्य रखें। बिजनेस के मामलों में आज का दिन बेहतर रहेगा। ऑफिस में आपको कुछ नए कामों की जिम्मेदारी मिलेगी, जिसको आप सफलतापूर्वक पूरा भी कर लेंगे।

धनु राशि-आज आपका दिन लाभदायक रहेगा। आज आप असंभव कार्यों को भी पूरा करने में सफल होंगे। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे, घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। अपने से बड़े और समझदार इंसान की मदद से आपकी परेशानियां सुलझ सकती हैं। नजदीकी दोस्त या रिश्तेदार के साथ खराब रिश्ते दोबारा अच्छे हो सकते हैं। आज बहुत व्यवस्थित रहने का समय है। बाहरी गतिविधियों में समय बीताने से पैसा और ऊर्जा बरबाद होगी। ऑफिस में आपके कार्यों से लोग प्रभावित होंगे, साथ ही आपसे कुछ सीखने की कोशिश भी करेंगे। धार्मिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी, किसी मंदिर में अपना थोड़ा समय बिताएंगे।

मकर राशि-आज आपका दिन उत्साह से भरा रहेगा। आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। आपकी कोशिशें सफल होंगी, थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त करेंगे। नवविवाहितों के जीवन में खुशियां बढ़ेंगी। आपकी सकारात्मक सोच से परिस्थितियां अच्छी होंगी। घर में धार्मिक आयोजन हो सकता है। आपकी कोशिशों से रिश्ते सुधरेंगे। बिजनेस में खास बदलाव होंगे। उसके सकारात्मक नतीजे मिलेंगे। आर्थिक स्थिति काफी हद तक मजबूत होगी। व्यावसायिक कामों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है, आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। ऑफिस का बढ़िया माहौल आपको खुश कर देगा, काम करने में मन लगा रहेगा। जीवन में आगे बढ़ने के लिए नए रास्ते खुलेंगे।

कुंभ राशि-आज आपका दिन नई उमंगों के साथ शुरू होगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल होंगे। संतान की उपलब्धि को लेकर घर में उत्सव रहेगा। पारिवारिक मसला सुलझने से घर में सुकून और शांति रहेगी। परिवार के साथ मनोरंजन का प्रोग्राम बन सकता है। आज राज की बात किसी से शेयर न करें। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा । लवमेट के लिए आज का दिन शानदार रहेगा। आज अध्यात्म की तरफ आपका रुझान रहेगा।

मीन राशि-आज आप खुशियों से भरे दिन की शुरुआत करने वाले हैं। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ेगी। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होंगे। थोड़ा समय परिवार और बच्चों की समस्याओं को समझने और सुलझाने के लिए निकालें। आज समय के हिसाब से काम करने के तरीकों में बदलाव करना जरूरी है।

## व्यंग्य

# सच्चे का अब नहीं बोलबाला

डॉ सूर्यकांत मिश्रा

रोज की तरह आज भी मैं राष्ट्रीय राजमार्ग पर टहल रहा था। सुबह का वक्त था।शीतकालीन समय की धुंध भी बनी हुई थी ।अचानक किसी के कराहने की आवाज ने मुझे अपनी ओर आकर्षित किया । टोह लेते हुए जब कुछ दूर चला तो एक युवक पड़ा कराह रहा था ।मुझ से उसका दुख देखा नहीं गया और अन्य लोगों की मदद से उसे अपने घर ले आया । मन में बहुत सारे प्रश्न चिंता पैदा कर रहे थे । कहीं इसे कुछ हो गया तो पुलिस के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं ! कहीं लोगों ने इसे पीटा हो तो वह मेरे घर तक आकर हंगामा कर सकते हैं ! और न जाने क्या-क्या शंकाएं उत्पन्न हो रही थी । मैंने भी मन को कड़ा किया और सोचा जो होगा देखा जाएगा । अब मैं पूरी हिम्मत जुटाकर उससे पूछा । तुम कौन हो ? कहां रहते हो ?किसने तुम्हारी ऐसी हालत की है ? इतने सारे सवाल एक साथ सुनकर वह कुछ गंभीर मुद्रा में मेरी ओर निहारने लगा । मैंने कहा घबराओ मत मुझे सब कुछ साफ-साफ बताओ । उसने बड़ी ही दुख भरी सांस के साथ कहना शुरू किया - मेरे दुख में कौन-कौन उत्तरदाई हैं ? कैसे कहूं ?इस समाज में रहने वाले लगभग सभी लोग इसमें शामिल हैं । लगभग शब्द सुनकर मुझे चैन आया कि कम से कम मैं तो इसके दुख का कारण नहीं हूं । मैंने उसके घावों को धोया और उसमें मरहम आदि लगाकर उसे चाय पानी परोसा । कुछ खाने- पीने के बाद उसकी जान में जान आई और वह कहने लगा । मुझे लहू- लुहान करने में किसी ने भी कसर नहीं छोड़ी है ! मेरे शरीर पर बड़े-बड़े घाव रोज जन्म लेते हैं !जब किसी अदालत के द्वारा किसी बाहुबली नेता को उस पर लगे आरोपों से मुक्त कर दिया जाता है ! जब-जब मैं देश के शीर्ष न्यूज़ चैनल पर देखता हूं कि मेरे अपने बीच के मीडिया और अखबार वाले ही लोभी नेताओं का गुणगान अपने स्वार्थवश करते हैं और उसे देशभक्त बताते हैं । क्या बताऊं साहब तब तब मेरे शरीर में घावोंकी चुभन बढ़ने लगती है ! मेरी आत्मा उस समय शरीर से निकल जाना चाहती है जब नेताओं के झूठ फरेब वाले भाषण अथवा मीडिया द्वारा तर्क कुतर्क से गलत को सही और फरेब को सच साबित करने का काम झूठे सबूत के साथ किया जाता है ! सच्चाई का रोज कत्ल करने वाले ऐसे ही लोग खुद को सच का पैरोकार भी बताते हैं ! तब मेरा दिल जोर-जोर से धड़कने लगता है । मेरी और उस अनजान घायल युवक की बातचीत चल ही रही थी कि मेरे परिजन भी वहां पहुंच गए एक अनजान को घर में देखकर सब आंखों ही आंखों में पूछने लगे यह कौन है ? मैंने उसे युवक के विषय में बताया कि यह एक सच्चा इंसान है । इतना कहना था कि घर के लोग मुझ पर तमतमा उठे । सब लगभग एक साथ कह उठे कि क्या सच्चाई और सच्चे युवक के लिए अब यही घर बचा है ? मुझ पर बरसते हुए कुछ बड़े सदस्य यहां तक कहने लगे कि कभी तो फायदे का सौदा किया करो । जब भी कोई काम करता है तो घाटे का ही करता है । मैंने भी सोच लिया कि एक बार जब सच्चाई को घर ला ही चुका हूं तो क्यों ना उसकी सारी परेशानियां सुनूं ? मुझे वह कहावत भी ताकत देने लगी जिसमें कहा जाता है -÷ जब ओखली में सिर दिया तो मूसलों से क्या डरना ÷ मुझे वह सच्चा इंसान ओखली और घर वाले मुसल नजर आने लगे ! मेरे ऐसे व्यवहार से उस युवक के जख्मों पर शायद बड़ा आराम पहुंचा । फिर भी वह चिंता करते हुए मुझसे पूछ बैठा- भाई लेखक महोदय आप मुझे अकेला तो नहीं छोड़ देंगे ? मैंने सांत्वना देते हुए कहा तुम चिंता न करो । मेरे साथ चलो । मैं तुम्हें टीवी चैनल वालों से मिलवाता हूं । वह एक अजब अंदाज में हंस पड़ा । उसकी हंसी में तंज नहीं दर्द था । अपनों द्वारा चले जाने का दर्द । वह कहने लगा - मैंने आपको बड़ा समझदार समझा था लेखक जी ! किंतु शायद ऐसा नहीं है ! मैंने उस सच्चे युवक से कहा चलो आज खरा सच क्या है और किसके सच में खोट है ? इसकी परीक्षा कर लेते हैं । एक नामी पत्रकार है जो नीर - क्षीर को स्पष्ट कर सकता है । वह हर विशिष्ट व्यक्ति का साक्षात्कार लिया करता है । वह मेरी बातों से सहमत होता हुआ स्वीकृति में सिर हिलाया । मैंने पत्रकार को फोन किया , और बताया इस सच्चे युवक के विषय में । मैंने पूछा क्या आप इससे मिलकर साक्षात्कार करना चाहते हैं ? पत्रकार महोदय ने पूछा पहले यह स्पष्ट करो कि उसके पास ऐसा कोई प्रमाण पत्र है जिससे यह तय हो सके कि वह सच्चा व्यक्ति है ? किसी शासकीय अधिकारी से मिला कोई दस्तावेज ? क्या उसे किसी अदालत ने सच्चा होने के पहचान स्वरूप किसी शपथ पत्र में प्रमाणित किया है ? मेरा फोन स्पीकर पर था अतः सच्चे युवक ने कहना शुरू किया - भला सच को इन सब चीजों की क्या जरूरत ? क्या मुझे खुद को सच्चा सिद्ध करने के लिए किसी झूठ का सहारा लेना होगा ? ऐसे प्रमाण पत्र को पाने के लिए ? सच क्या लोगों को दिखाई नहीं पड़ता ? पत्रकार सच की बात से चिढ़ गया और कहने लगा यह कोई पागल लगता है । मुझे पागल का साक्षात्कार नहीं करना है । मैंने पत्रकार महोदय से विनय किया कि एक बार मिल तो लो ? तब वह कहने लगा आज तो किसी स्थिति में नहीं । आज मुझे एक ऐसे लोकप्रिय नेता का साक्षात्कार लेने जाना है जिसे अदालत ने कई साल बाद जमानत पर रिहा किया है ! मेरा मन उचट गया और मैं सोचने लगा की समझदारी इसी में है कि सच से दूर रहा जाए ! इसका बड़ा फायदा यह होगा कि किसी से बैर या मन - मुटाव नहीं होगा । झूठ की जय- जयकार का ही जमाना है ! सच की रस्सी वहां जाकर खत्म होती है , जहां फांसी का फंदा !

## गंभीर मुद्दा

# मौत बांट रहे हैं आतिशबाजी कारखाने !

मनोज कुमार अग्रवाल

फिर एक बार एक आतिशबाजी बनाने वाले कारखाने ने 11 जिंदगी लील ली। मध्य प्रदेश में हरदा के बैरागढ़ में मंगलवार को एक पटाखा फैक्टरी में हुए भीषण विस्फोट में अब तक 11 लोगों की मौत की सूचना है, जबकि 74 से अधिक लोग झुलस गये हैं। इस मामले को लेकर तमाम आला सरकारी लोगों ने चिंता व्यक्त की। शोक जताया। प्रशासनिक जांच पड़ताल की बात कही। मालूम हो कि हरदा की तरह ही मध्य प्रदेश में बालाघाट के किरनापुर में 2015 और खैरी में 2017 में भी ऐसे धमाके हो चुके हैं, जिनमें 29 लोगों की जान गयी थी।सवाल यह है कि देश के अनेक राज्यों में तमाम नियम कानून को धता बता कर सरकार और प्रशासन की नाक के नीचे पटाखों की फैक्ट्री संचालित कैसे हो जाती हैं? जाहिर है कि इन पर स्थानीय प्रशासन का संरक्षण मिला रहता है।

दरअसल जांच-पड़ताल की एक कवायद निश्चित होगी मगर अवैध पटाखा फैक्टरियों में होने वाली दुर्घटनाएं बताती हैं कि यह सब कागजी खानापूर्ति में सिमट जाती है । मध्य प्रदेश की हालिया घटना के परिप्रेक्ष्य में जब हम ऐसे हादसों पर नजर दौड़ाते हैं तो पाते हैं कि बिहार, केरल, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, पंजाब आदि राज्यों में समय-समय पर अवैध पटाखा फैक्टरियों के कारण अक्सर बड़े हादसे होते रहे हैं। उपलब्ध रिकार्ड बता रहे हैं कि 15 सितंबर, 2005 को बिहार के खुसरोपुर गांव में हकीम मियां द्वारा संचालित एक अवैध पटाखा फैक्टरी में हुआ विस्फोट इतना जबरदस्त था कि पास की दो अन्य फैक्टरी भी चपेट में आ गयीं। आसपास के कई घरों में आग लग गयी। इस घटना में 35 लोगों की मौत हो गयी थी। यूपी के प्रयागराज में 12 अक्टूबर 2011 को पुरा मियांजी मोहल्ला स्थित एक पटाखा फैक्टरी में हुए विस्फोट में 13 लोगों की मौत हुई थी। तमिलनाडु के शिवकाशी की एक पटाखा फैक्टरी में 9 सितंबर, 2012 को हुए विस्फोट में पूरी फैक्टरी जलकर खाक हो गयी। इस विस्फोट में 54 लोगों की मौत हुई थी, जबकि 100 से अधिक लोग झुलसे थे। तेलंगाना के वारंगल स्थित एक पटाखा फैक्टरी में 4 जुलाई, 2018 को विस्फोट के बाद आग लग गयी थी, जिससे फैक्टरी में फंसे 10 मजदूरों की जलकर मौत हो गयी थी। पंजाब के बटाला में एक पटाखा फैक्टरी में 4 सितंबर, 2019 को धमाके के बाद आग लग गयी, जिसमें 23 लोगों की जलकर मौत हो गयी साथ ही 27 लोग झुलस गये थे। गुरदासपुर के बटाला के एक आवासीय कॉलोनी में अवैध रूप से यह पटाखा फैक्टरी चल रही थी। उत्तर प्रदेश के सहारनपुर में 7 मई, 2022 को एक पटाखा फैक्टरी में ब्लास्ट होने के बाद फैक्टरी मालिक समेत चार लोगों की मौत हो गयी थी। इसी तरह तमिलनाडु के कांचीपुरम में 22 मार्च, 2023 को अवैध पटाखा कारखाने में हुए विस्फोट से 9 कर्मचारियों की मौत हो गयी और 12 अन्य झुलस गये थे। गुजरात के अरवल्ली जिले में चल रही एक अवैध पटाखा फैक्टरी में 20 अप्रैल, 2023 को लगी भीषण आग में 4 मजदूर जिंदा जल गए थे। जबकि, पश्चिम बंगाल के पूर्व मेदिनीपुर जिले के एगरा क्षेत्र में 16 मई, 2023 को पटाखा बनाने की अवैध फैक्टरी में भीषण विस्फोट से 9 लोगों की मौत हो गयी, जबकि दर्जनों झुलस गये थे। तमिलनाडु के कृष्णागिरी जिले में 29 जुलाई 2023 को पटाखा बनाने की यूनिट में धमाका हो गया। इसमें तीन महिलाओं सहित आठ लोगों की मौत हो गयी। इसी तरह पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले के दत्तापुकुर थाना क्षेत्र में 27 अगस्त, 2023 को एक पटाखा फैक्टरी में जबरदस्त ब्लास्ट में सात लोग मारे गए थे। तमिलनाडु में अरियालुर जिले के विरागलुर में 9 अक्टूबर, 2023 को पटाखा फैक्टरी में आग लगने से 9 लोगों की जान चली गयी और 5 घायल हो गये। तमिलनाडु के ही विरुधुनगर जिले के रंगापलयम और किचन्याकानपट्टी में दो अलग-अलग पटाखा फैक्टरी में 17 अक्टूबर, 2023 को विस्फोट होने से 11 लोगों की मौत हो गयी। जाहिर है कि इन घटनाओं के बाद प्रशासनिक कार्रवाइयां की गयीं लेकिन नतीजा %ढाक के तीन पात।%हर जांच रिपोर्ट रद्दी की टोकरी में फेंक दी जाती है और जिंदगी के कीमत पर मौत के कारखाने दौड़ते रहते हैं।

मगर यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि पटाखा कारखानों में होने वाले ऐसे हादसों को रोकने के लिए पुख्ता इंतजाम कब होंगे। पहले दिवाली के समय किसी लापरवाही के चलते ऐसे हादसे हो जाया करते थे, अब साल भर ऐसी घटनाओं की खबरें आती हैं।

दरअसल, पटाखा बनाने का कारोबार काफी बड़े पैमाने पर होने लगा है, इसलिए कि इसकी खपत वर्ष भर बनी रहती है। शादी-ब्याह से लेकर अनेक पर्व-त्योहारों, क्रिकेट आदि के खेलों के समय भी पटाखे फोड़ने और आतिशबाजी का चलन बढ़ता गया है। पहले कुछ जगहों पर पटाखे बनते थे, जहां से पूरे देश में उनका वितरण हुआ करता था, अब हर राज्य में पटाखों के कारखाने खुल गए हैं।पिछले वर्ष बिहार में पटाखा कारखाने में भयावह विस्फोट हुआ था, जिससे आसपास के मकान भी ढह गए। वह कारखाना थाने से सटी जगह पर अवैध रूप से चलाया जा रहा था। कायदे से पटाखे बनाने के लिए लाइसेंस लेना जरूरी होता है, मगर ज्यादातर मामलों में देखा गया है कि चोरी-छिपे पटाखे बनाए जाते हैं।उनके लिए इतने बड़े पैमाने पर बारूद और दूसरी सामग्री किस प्रकार उपलब्ध होती है, इस पर शायद नजर नहीं रखी जाती। दिवाली के मौके पर पटाखे से फैलने वाले प्रदूषण को लेकर चिंता जताई जाती है, मगर बाकी समय इसे लेकर प्रायः चुप्पी ही बनी रहती है। जब तक पटाखा निर्माण को लेकर कोई व्यावहारिक उपाय नहीं किया जाता, ऐसे हादसों पर अंकुश लगाना कठिन बना रहेगा।



हरदा में यह दुर्घटना पहली बार नहीं है यहां पहले भी भयानक हादसे हो चुके हैं। मौजूदा विस्फोट के पहले सन् 2015 में इसी फैक्टरी में हुए विस्फोट में फैक्टरी मालिक राजेश और फैक्टरी की जमीन के मालिक दिनेश शर्मा को 10-10 साल की सजा सुनाई गयी थी। डेढ़ महीने बाद ही जेल से छूटने के बाद राजेश ने फिर पटाखे बनाने का काम शुरू कर दिया था। प्रशासन हर बार यहां जांच करता तो गड़बड़ी मिलती। लाइसेंस भी निलंबित किया गया, लेकिन फैक्टरी का काम नहीं रुका।स्पष्ट है कि सारा खेल अधिकारीयों की रिश्वतखोरी पर चल रहा है। आए दिन होने वाले हादसों के लिए अगर कोई मूल रूप से जिम्मेदार है तो वह सरकारी अधिकारी हैं जिनकी छत्रछाया में अवैध रूप से ऐसे अवैध कारखाने गरीब मजदूरों की जान पर खेल कर चलाए जाते हैं क्या सरकार जिम्मेदारी तय कर दोषी अधिकारियों को सबक देगी या कुछ दिन बाद फिर किसी बड़े हादसे का इंतजार करेगी?

# कांगेर घाटी लैंडस्केप आधारित पुनर्स्थापना योजना पर हुई कार्यशाला

## प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव को रोकने सहित स्थानीय संसाधनों के समुचित उपयोग पर बल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर, 13 फरवरी।** कांगेर घाटी लैंडस्केप आधारित पुनर्स्थापना योजना के लिए कार्यशाला आयोजन किया गया ,जिसमें विभिन्न विभाग के अधिकारी, समुदाय के सदस्य और नागरिक सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस संवाद सह कार्यशाला में कांगेर घाटी और उसके आसपास के वन क्षेत्र में आबादी वृद्धि से प्राकृतिक संसाधनों पर बढ़ते दबाव, जैसे रासायनिक खेती का प्रभाव, वनोपज संग्रहण, बढ़ती संसाधनों पर निर्भरता और किस प्रकार से बाहरी क्षेत्रों में ही प्राकृतिक संसाधनों को पुनर्जीवित करते हुए दबाव को रोकने सम्बन्धी विस्तृत चर्चा हुई।

कार्यशाला में ग्रामीणों की क्या जरूरत है और संसाधनों का वर्तमान में उपयोग करते हुए भावी पीढ़ी के लिए इस स्थिति में प्राकृतिक संसाधनों की उपलब्धता कैसे सुनिश्चित करना जरूरी है इस संबंध में भी समुदाय के सदस्यों ने अपने विचार रखे। इस कार्यक्रम में अलग-अलग स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया ,जिसमें योजना के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके बाद समूह गतिविधि कराया गया जिसमें कामनलैंड फाउंडेशन से शेखर कोलीपका के द्वारा खेल गतिविधि के माध्यम से समुदाय के सदस्यों व विभागीय अधिकारी एवं नागरिक तथा सामाजिक संगठन के प्रतिनिधियों को आपसी सामंजस्य कितना कठिन है और उसे कैसे बनाया जा सकता है इस संबंध में बताया। वहीं सामूहिक चर्चा में उद्यानिकी विभाग, पशुपालन विभाग, जिला पंचायत और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने विभागीय योजनाओं के बारे में अवगत कराया गया साथ ही इन योजनाओं का लाभ किस प्रकार से उक्त लैंडस्केप में हो सकता है इस संबंध में अपने विचार रखे। समुदाय के प्रतिनिधियों के द्वारा कांगेर घाटी लैंडस्केप योजना बनाने में समुदाय की क्या भूमिका हो सकती है साथ में योजना बनाने में समुदाय के सुझाव और अभिमत को सम्मिलित करने पर जोर दिया गया। सभी प्रतिभागियों द्वारा कार्यशाला के अंत में निर्णय लिया गया कि सभी समुदाय के सदस्य अपने गांव स्तर पर जाकर ग्रामीणों के साथ बैठक लेकर इस लैंडस्केप को पुनर्स्थापित करने हेतु ग्राम स्तर पर योजना बनाने में सहभागिता निभाएंगे। कार्यशाला में राष्ट्रीय उद्यान के निदेशक श्री धम्मशील गणवीर सहित कॉमनलेंड के हरमा रेडमेकर,टॉम डेविस,शेखर कोलिपका,दीपक सिंह, आओ हाथ बढ़ाएं के शेखर गजीर, प्रदान के प्रीतम गुप्ता, अनएक्सप्लोर्ड बस्तर के जीत सिंह आर्य,इनरूट बस्तर के मोहित भंजदेव और कृषि,उद्यानिकी,पशुपालन,वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा समुदाय के सदस्य एवं इको विकास समिति के सदस्य उपस्थित थे ।



कांगेर घाटी नेशनल पार्क के निदेशक धम्मशील गणवीर ने बताया कि इस कार्ययोजना से वर्तमान पीढ़ी के साथ -साथ भावी पीढ़ी को भी प्रकृतिक संसाधानों का कैसे लाभ मिल सके इस उद्देश्य से तैयार किया जा रहा है। साथ ही ग्रामीण परिस्थितियों में प्राकृतिक संसाधनों को पुनर्जीवित कर ग्रामीणों की संसाधनों पर निर्भर आवश्यकताओं को कैसे गांव में ही पूर्ति की जा सकती है, इस संबंध में कार्ययोजना बनाई जा रही है जिसमें विभिन्न विभाग, नागरिक, सामाजिक संगठन और समुदाय के साथ समन्वय स्थापित किया जा रहा है।

## एक नजर

### महतारी वंदन योजना के फर्जी लिंक से सावधान रहने की अपील

**सुकमा, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । महिला बाल विकास विभाग ने महतारी वंदन योजना में आवेदन के लिए सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर वायरल हो रहे फर्जी लिंक से महिलाओं को सावधान रहने की अपील की है। विभाग के अधिकारियों ने कहा है कि महतारी वंदन योजना का लाभ लेने के लिए विभाग द्वारा www.mahtarivandan.cgstate.gov.in और मोबाइल ऐप जारी किया गया है, इस लिंक और एप्प पर महिलाएं ऑनलाइन आवेदन कर सकती है। आवेदन के लिए किसी भी तरीके का शुल्क नही देना है। इसके अलावा महिलाएं अपने इलाके के आगंनबाड़ी केन्द्र, ग्राम पंचायत सचिव, बाल विकास परियोजना अधिकारी (सीडीपीओ) और वार्ड प्रभारी से संपर्क कर उनके लॉगिन यूजर आईडी से आवेदन कर सकती है। महिला बाल विकास विभाग के अधिकारियों ने बताया कि पात्र आवेदकों को फॉर्म भरने के लिए कुछ असामाजिक तत्वों के द्वारा फर्जी लिंक सोशल मीडिया में वायरल किया गया है। महिलाओं के मोबाइल, व्हाट्सअप या किसी अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से लिंक आएं तो इस लिंक का उपयोग नही करें। विभाग द्वारा आवेदन के लिए किसी भी निजी संस्था अथवा व्यक्ति को अधिकृत नही किया गया है।

### महतारी वंदन योजना के आवेदनों को जल्द से जल्द करें अपलोडः कलेक्टर

**धमतरी 13 फरवरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज समय सीमा की बैठक लेकर महतारी वंदन योजना की समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने महतारी वंदन योजना के तहत मिले आवेदनों को जल्द से जल्द अपलोड करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये, इसके लिये उन्होंने विभागीय ऑपरेटरों का उपयोग करने कहा। साथ ही प्रधानमंत्री जनमन योजना के तहत विशेष जनजाति कमार बसाहटों में भी महतारी वंदन योजना के तहत मिले आवेदनों की कलेक्टर ने जानकारी ली और इसमें गति लाने के निर्देश दिये। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री रोमा श्रीवास्तव, अपर कलेक्टर श्री जी.आर.मरकाम, संयुक्त कलेक्टर श्री ऋषिकेश तिवारी, एसडीएम धमतरी डॉ.विभोर अग्रवाल, एसडीएम कुरूद श्री सोनाल डेविड, एसडीएम नगरी सुश्री गीता रायस्त, आयुक्त नगरनिगम धमतरी श्री विनय पोयाम, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.के.मण्डल सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग के तहत किये जा रहे स्वास्थ्य परीक्षण, सिकल सेल, टीबी जांच और आयुष्मान कार्ड पंजीयन की जानकारी ली तथा लक्ष्य बनाकर सिकलसेल और टीबी की जांच करने कहा। इसके अलावा जिले में क्षय रोगियों की जांच भी अधिक से अधिक करने के निर्देश कलेक्टर ने दिये। साथ ही निक्षय मित्र के लिये लक्ष्य अनुरूप सदस्यता अभियान चलाने कहा। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना की जानकारी लेते हुये कलेक्टर सुश्री गांधी ने प्रथम और दूसरे चरण में अधिक से अधिक हितग्राहियों के फॉर्म लेकर लाभान्वित करने कहा।

### महतारी वंदन योजना के लिए जिले में 1 लाख 28 हजार से अधिक महिलाओं ने भरा आवेदन

**धमतरी 13 फरवरी।** प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय की पहल पर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए महतारी वंदन योजना शुरू की गई है। प्रदेश सहित जिले की महिलाओं ने भी योजना का लाभ लेने के लिये बड़ी संख्या में आवेदन भर रहीं हैं। इसके अलावा विशेष जनजाति कमार बसाहटों में भी अधिकारियों, कर्मचारियों द्वारा शिविर लगाकर महिलाओं से आवेदन भरवाया जा रहा है। कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने प्राप्त आवेदनों को जल्द से जल्द अपलोड करने के निर्देश जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग श्रीमती जगरानी एक्का को दिया है। श्रीमती एक्का ने बताया कि योजना के तहत जिले में दो लाख 50 हजार के लक्ष्य के विरूद्ध अब तक एक लाख 28 हजार 216 आवेदन प्राप्त हो गए हैं। वहीं 52 हजार 34 आवेदनों को अपलोड भी किया जा चुका है। महिलाओं का कहना है कि छत्तीसगढ़ सरकार की ओर से हर महीने मिलने वाली एक हजार रूपए की राशि से वह अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी और सम्मानजनक जीवन निर्वाह कर सकेंगी। प्रतिवर्ष महिलाओं को 12000 रूपए मिलेगा।

### कलेक्टर ने सुनीं लोगों की समस्या, शिकायत और मांग

**धमतरी 13 फरवरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी के निर्देश पर संयुक्त कलेक्टर श्री ऋषिकेश तिवारी ने आज कलेक्टोरेट में आयोजित जनदर्शन में जिले के दूर-दराज से पहुंचे आवेदकों से आवेदन प्राप्त कर उनकी समस्या, शिकायत और मांग को सुनीं। उन्होंने इस अवसर पर संबंधित अधिकारियों को आवेदनों का गुणवत्तापूर्ण और जल्द से जल्द निराकरण करने के निर्देश दिये। जनदर्शन में मुख्यतः प्रधानमंत्री आवास के तहत आवास दिलाने, विभिन्न पेंशन योजनाओं का लाभ दिलाने, अवैध कब्जा हटाने सहित कुल 192 आवेदन प्राप्त हुये।

# वैश्विक बाजार में उद्यमिता के क्षेत्र में जिले की विशेष सहभागिता हो: कलेक्टर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**उत्तर बस्तर कांकेर, 13 फरवरी।** जिले के उत्पादों को वैश्विक बाजार में स्थान उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आज भारत सरकार के वाणिज्य मंत्रालय के तहत विदेश व्यापार महानिदेशक नागपुर के प्रतिनिधियों के द्वारा 'एक्सपोर्ट आउटरीच प्रोग्राम' विषय पर जिला पंचायत में आज सुबह एकदिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें भविष्य में उत्पादों के आयात-निर्यात के माध्यम से उत्कृष्ट उद्यमिता और उससे होने वाले लाभ की जानकारी दी गई। कार्यशाला में उपस्थित व्यापारी, राइस मिलर्स को संबोधित करते हुए कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने कहा कि आने वाले समय में वैश्विक बाजार में आयात-निर्यात के क्षेत्र में और अधिक संभावनाएं बढ़ेंगी और इसमें जिले की विशेष रूप से सहभागिता हो। जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित कार्यशाला में कलेक्टर ने आगे कहा कि आर्थिक उदारीकरण के दौर में जिले के उद्यमियों की सहभागिता अत्यंत आवश्यक है और आर्थिक उन्नति में विदेशी मुद्रा की बड़ी भूमिका और सहभागिता रहती है। उन्होंने उपस्थित लोगों से डीजीएफटी नागपुर के द्वारा तैयार की गई तकनीकी जानकारियों का लाभ लेते हुए जिले में उद्यमिता को और अधिक उन्नत बनाने का आह्वान किया। साथ ही वैश्विक बाजार की मांग के अनुरूप संभावनाएं तलाशने पर भी जोर दिया। इस अवसर पर डीजीएफटी कार्यालय नागपुर से आए डॉ. व्ही. श्रमण एडिशनल डीजीएफटी और सुश्री स्नेहल ढोके असिस्टेंट डीजीएफटी ने पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से इम्पोर्ट एंड एक्सपोर्ट कोड प्राप्त करने के तरीके, कस्टम से संबंधित पंजीयन और आवश्यक दस्तावेज, निर्यात वित्त विकल्पों पर बैंक द्वारा उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी दी। साथ ही ई-कॉमर्स और डिजिटल मार्केटिंग सहित विभिन्न तरीकों से जिले के उत्पादों और सेवाओं की व्यापक और वैश्विक पहुंच के लिए एक मंच प्रदान करने हेतु जानकारी देने के साथ ही निर्यात में रूचि रखने वाले जिले में स्थापित समस्त औद्योगिक इकाईयों, कृषि उत्पादक संगठन, स्वसहायता समूह, नवउद्यमियों की शंकाओं का भी समाधान किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत के सी.ई.ओ. श्री सुमित अग्रवाल, महाप्रबंधक उद्योग एवं वाणिज्य श्री अजीत टोप्पो सहित काफी संख्या में जिले के उद्यमी, राइस मिलर्स और उद्यमिता के प्रशिक्षु उपस्थित थे।

# चतुर्थ सेमेस्टर में परीक्षा के एटीकेटी नियम संशोधन करने कुलपति को ज्ञापन सौंपा



**रायपुर 13 फरवरी।** एनएसयूआई छात्र नेता ओझ प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में विद्यार्थियों की परेशानियों को देखते हुए आज पंडित रविशंकर विश्वविद्यालय के कुलपति जी को चतुर्थ सेमेस्टर में परीक्षा के एटीकेटी नियम संशोधन करने हेतु ज्ञापन सौंपा गया जिसमें विभिन्न छात्र हित मुद्दों को इस माध्यम से सम्मिलित किया गया है। छात्र नेता ओज प्रकाश पांडे जी का कहना है कि करोना काल के पश्चात पुनः जारी नियम के चलते सेमेस्टर छात्रों, जिनका अपने चतुर्थ सेमेस्टर में कुछ विषयों में एटीकेटी आ गया है, उन्हें छटवे सेमेस्टर में सम्मिलित होने से ना रोका जाए, साथ ही उन्हें चतुर्थ सेमेस्टर की एटीकेटी परीक्षा देने की अनुमति दी जावे, वर्तमान नियम के कारण छात्रों की वर्ष भर की मेहनत तथा समय व्यर्थ होगा, जो छात्रों के आजीविका के लिए हित में नहीं है। यह सभी विषयों को लेकर आज सभी छात्र नेताओं द्वारा कुलपति जी को ज्ञापन सौंपा गया। कार्यक्रम में उपस्थित शोभित,सौरभ,अतुल, अभिजीत, प्रियांशु, यश तथा अन्य छात्र नेता उपस्थित रहे।

# जनसेवक फिरोज नवाब पार्षद ने 40 वीं बार रक्तदान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल 13 फरवरी।** जैसा कि नाम से ही विदित फिरोज नवाब जनसेवक बचेली के सबसे सक्रिय पार्षद जो हमेशा दूसरों की मदद और सेवा के लिए आतुर रहते है और हर संभव मदद का प्रयास करते रहते है और बचेली में इन्हे रक्तदान रक्तसेवक के नाम से भी जाना जाता है बचेली के वार्ड 16 का मरीज जो बेहद ज्यादा बीमार होकर किरंदुल के हॉस्पिटल में भर्ती हुए और वहा उन्हे जांच दौरान पता चला की इनका रक्त केवल 5 ग्राम की सीमा को छू रहा है और बेहद इमरजेंसी हालात में वार्ड 16 की मितानिन श्रीमती रंजीता ने बचेली के रक्तवीर पार्षद को तत्काल फोन कर आपातकालीन स्थिति में रक्तदान के लिए कहा और रक्तसेवक ने तत्काल हामी भरा और बचेली से किरंदुल 11 किलोमीटर जाकर अपना कीमती रक्तदान किया और एक आदिवासी युवा पंकज तेलाम के जान बचाने की दिशा में सहयोगात्मक कार्य किया और इस कार्य उन्हे स्वयं गौराविवित महसूस कर रहे है और सब जानने वाले इनकी भूरी भूरी प्रशंसा भी कर रहे है।




# अब भला यहां कौन जाएगा शौच के लिए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**सुकमा, 13 फरवरी।** नगर पालिका द्वारा निर्मित तस्वीर में नजर आ रहा सार्वजनिक शौचालय देखरेख व मरम्मत के अभाव में खंडहर में परिवर्तित हो गया है। दरवाजे गायब कर दिए गए हैं। पानी की व्यवस्था नहीं है। अंदर का हाल तो और भी बुरा है। अब भला ऐसे में कौन इसका उपयोग करेगा। यह शौचालय तो खुले में जाने जैसा है। इस खंडहरनुमा शौचालय को देखने के बाद इंसान का प्रेशर वैसे ही खत्म हो जाएगा। शौचालय की दीवारें व छत कमजोर हो गई है। इसके कभी भी गिर जाने का डर है। शौच के लिए व्यक्ति का ध्यान भय में मूल काम से हटकर उसकी सांसें अटकी रह जाएगी। सार्वजनिक शौचालय के जर्जर हो जाने के कारण लोगों को तकलीफ हो रही है। प्रधानमंत्री के खुले में शौच के खिलाफ अभियान को ग्रहण लगाया जा रहा है। इस शौचालय को ठेकेदारों ने सामान रखने का अड्डा बना लिया है। इसे गोदाम की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है। नगर पालिका प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं है। इसकी मरम्मत करने या तोड़कर नया शौचालय बनाने की सुध नहीं ली जा रही है।

## समाचार संक्षेप

### मृदा की गुणवत्ता एवम् स्वास्थ्य विषय पर प्रशिक्षण आयोजित



**सुकमा, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । ग्राम लाठीपारा, रोकेल ब्लॉक छिंदगढ़ में शुक्रवार को मृदा की गुणवत्ता एवम स्वास्थ्य विषय पर ग्रामीण किसानों के लिए एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। कृषि विज्ञान केंद्र, सुकमा के कार्यक्रम सहायक (मात्स्यिकी), डा. संजय सिंह राठौर ने ग्रामीणों को मृदा के स्वास्थ्य सुधार और उन्नत कृषि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कृषि करने के वैज्ञानिक तरीके और उत्पादन बढ़ाने के तकनीकी पर अपने विचार व्यक्त किया। उन्होंने ग्रामीणों को मछली पालन करने के लिए उत्साहित किया ताकि किसानों की आमदनी में इजाफा हो सके जिससे वे अपनी आर्थिक स्थिति में सुधार ला सकें। इस अवसर पर चिराग परियोजना के एस आर एफ यमलेश्वर भोयर ने भी ग्रामीणों को मृदा को स्वस्थ रखने एवम फसलों की बीमारियों को रोकने के जैविक तरीकों के बारे में उत्तम जानकारी दी।

### जेईई, नीट कोचिंग सेंटर का कलेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



**सुकमा, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । कलेक्टर श्री हरिस.एस ने शनिवार को जेईई नीट कोचिंग सेंटर का औचक निरीक्षण कर, जायजा लिया। उन्होंने कोचिंग सेंटर में जिले के कक्षा 11वीं और 12वीं में अध्ययनरत् विद्यार्थियों के लिए जेईई और नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी हेतु संचालित आवासीय कोचिंग क्लास में विद्यार्थियों से उनके तैयारी के संबंध में चर्चा की और प्रवेश परीक्षा में सफल होने आवश्यक मार्गदर्शन दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप जिले के बच्चों को मेडिकल और इंजीनियरिंग के क्षेत्र में आगे लाने का प्रयास किया जा रहा है। उन्होंने प्रवेश परीक्षा की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों को खूब मन लगाकर पढ़ने और मेडिकल व जेईई जैसे कठिन परीक्षाओं में चयन के लिए प्रोत्साहित किया। गौरतलब है कि कलेक्टर श्री हरिस. एस के मार्गदर्शन में जेईई नीट कोचिंग सेंट एजुकेशन सीटी पावारास सुकमा में जिले के 108 बच्चों को आवासीय सुविधा के साथ ही वाई फाई युक्त कैंपस में जियो एंबाइब प्लेटफार्म की मदद से ऑनलाइन मॉनिटरिंग कर मेडिकल और नीट प्रवेश परीक्षा की तैयारी कराई जा रही है। वहीं प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इस दौरान नोडल अधिकारी श्री आशीष राम व श्री सौरव कुमार फेलो, प्रिंसिपल एम संतोषी, एवम सभी शिक्षक मौजूद थे।

### प्रायोगिक कार्य एंव प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी की एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन



**सुकमा, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)** । हाई-हायर सेकेण्ड्री स्कूलों में प्रायोगिक कार्य एंव प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी की भूमिका आधारित शनिवार को शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सुकमा में एक दिवसीय कार्यशाला श्री नितिन डड़सेना जिला शिक्षा अधिकारी की अध्यक्षता एंव श्री एच एस सिदार प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सह उपस्थिति में कार्यशाला सम्पन्न हुआ। इस कार्यशाला में जिले के विभिन्न हाई-हायर सेकेंड्री स्कूलों में पदस्थ सांईस व्याख्याताओं को जिला शिक्षा संबोधित करते हुए, श्री डड़सेना कहा कि पी एल सी का उद्देश्य, भूमिका,महत्व, नेतृत्व क्षमता, पीएलसी लिडर चयन प्रक्रिया में लिडर को टेक्नोलॉजी में दक्ष होना। श्री बिन्देश डेरहा (मास्टर टेनर्स) एंव श्री अनुपम मसीह व्याख्याता ने सांईस विषय के प्रायोगिक प्रश्नों को सरल तरीके से हल करने, नियमित प्रयोगशाला का उद्देश्य, रखरखाव की जानकारी दी। गुजरात से प्रशिक्षण लेकर आए श्री धनंजय ध्रुव, श्री कमलेश नागवंशी व्याख्याता विकास खंड कोन्टा के द्वारा विज्ञान के रोचक से अवगत कराया। इस दौरान श्री सीताराम सिंह राणा एपीसी समग्र शिक्षा सुकमा, श्री चन्द्रहास साहू लिटरेसी एक्सपर्ट पीएमयू सुकमा सहित अन्य प्रशिक्षण में उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने स्टॉलों का किया निरीक्षण, दिव्यांगजनों के बस पास बनाने के दिये निर्देश

# निदान कार्यक्रम के पहले दिन 85 दिव्यांगजनों को मिले सहायक उपकरण



**धमतरी 13 फरवरी।** कलेक्टर सुश्री नम्रता गांधी ने आज कम्पोजिट भवन के पास आयोजित 'निदान' कार्यक्रम में पहुंचकर दिव्यांगजनों से चर्चा की और उन्हें मिल रही शासन की योजनाओं की जानकारी ली। इस मौके पर उन्होंने कार्यक्रम स्थल में लगे अन्य विभागों के स्टॉलों का भी निरीक्षण किया और अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिये। इस मौके पर कलेक्टर ने दिव्यांगजनों को निःशुल्क बस पास प्रदान करने के लिए यातायात विभाग के अधिकारियां को निर्देशित किया। गौरतलब है कि जिला प्रशासन एवं महावीर दिव्यांग सहायता समिति के संयुक्त तत्वावधान आज से 15 फरवरी तक ''निदान'' कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण, यूडीआईडी कार्ड बनाने सहित शासन की अन्य योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। आज पहले दिन 85 दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग, कैलिपर्स, सहायक उपकरण, मापन, वितरण, यूडीआईडी कार्ड का कार्य किया गया। निदान कार्यक्रम में आये दिव्यांगजनों को कैलीपर्स लगाये गये। इस शिविर में आयी कुमारी चंचल सोनी ने बताया कि बचपन से ही उसका दायां पैर नहीं है, लेकिन उसने कभी भी हार नहीं मानी। जीवन में आने वाली परेशानियां का डटकर मुकाबला किया। अभी वह एडजेक्ट फाउंडेशन दिव्यांग आवासीय विद्यालय में रहकर कक्षा 11 वीं की पढ़ाई कर रही है। चंचल की हिम्मत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि, जिस काम को करने के लिए सामान्य व्यक्ति बार-बार सोचता है, उसे चंचल ने अपनी जिद से पूरा कर किया हैं। चंचल बताती है कि उसने वर्ष 2022 में स्टीक की सहायता से हिमालय की चोटी पर चढ़ाई की है, जिसकी ऊंचाई 5363 है। वहीं वह एक अच्छी नृत्यांगन है, वह कई बार स्वतंत्रता दिवस और गणतंत्र दिवस के मुख्य समारोह में अपनी प्रस्तुति दे चुकी हैं और वह एक ही पैर से नृत्य करती है। उसने कहा कि अब कैलिपर्स लग जाने से उसे चलने-फिरने में कोई दिक्कत नहीं होगी। वहीं अब वह अपने सपनों को पूरा कर सकेगी। दिव्यांगजनों की मदद हेतु आयोजित ऐसे निदान कार्यक्रम आयोजित करने के लिए चंचल ने जिला प्रशासन का धन्यवाद किया है।

## एक नजर

### ट्रेन महिला यात्री के बैग से लाखों रुपए के जेवर चोरी

**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई उसलापुर से पावर हाउस आने के लिए अमरकंटक एक्सप्रेस में सवार एक महिला चोरी का शिकार हो गई किसी अज्ञात आरोपित ने महिला के बैग का चेन खोलकर उसमें से लाखों रुपये के जेवर चोरी कर लिए घटना की शिकायत पर जीआरपी भिलाई तीन ने प्राथमिकी कर मामले की जांच शुरू की है भिलाई तीन जीआरपी पुलिस बताया कि आशीष नगर पश्चिम निवासी रेनू सिंह आठ फरवरी को अपने परिवार सहित अमरकंटक एक्सप्रेस में उसलापुर से पावर हाउस तक की यात्रा कर रही थी जब ट्रेन भिलाई-तीन रेलवे स्टेशन पहुंची तो महिला ने देखा कि उसकी सास बीना सिंह के बैग में रखे जेवर को किसी अज्ञात आरोपित ने चोरी कर लिया है। एक थैले में सोने-चांदी के जेवर बैग में रखकर उसे सीट के नीचे रखा गया था। इसी दौरान किसी अज्ञात आरोपित ने बैग में से जेवर चोरी कर लिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब पांच लाख रुपये से भी अधिक आकी गई है। पीड़िता एस-2 बोगी में सफर कर रही थी। आरोपित का सुराग तलाशने के लिए उसलापुर से पावर हाउस के बीच स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है ताकि आरोपित का सुराग मिल सके ।

### अनाचार का आरोपी आरक्षक निलंबित

**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई अपने सहकर्मी के पत्नी के साथ अनाचार करने वाले आरक्षक को एसपी ने निलंबित कर पुलिस लाइन में अटैच किया है मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस लाइन दुर्ग निवासी आरक्षक दीपक मानिकपुरी ने अपने सहकर्मी के पत्नी को धमकी देकर अनाचार किया था दुर्ग एसपी जितेन्द्र शुक्ला ने आरोपी आरक्षक पर कार्रवाई कर उसे पुलिस लाइन से संबंध किया है गौरतलब हो कि आरक्षक दीपक मानिकपुरी वर्ष 2022 से महिला को डरा धमका कर अनाचार करता रहा परेशान महिला ने घटना की शिकायत पर पुलिस में किया तब से आरोपी आरक्षक फरार है आरोपी के खिलाफ पुलिस ने धार 376,506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

### सड़क हादसे में बालक की मौत

**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई सड़क दुर्घटना में नाबालिग बालक की मौत हो गई घटना उमदा त्रिसंगम चौक भिलाई 3 का है शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है भिलाई -3 पुलिस ने बताया कि चांदनी चौक यादव मोहल्ला पुरैना निवासी लक्ष्मण प्रसाद पटेल उर्फ लक्की 17 वर्ष अपनी बाइक से जा रहा था इस दौरान अज्ञात वाहन चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए लक्ष्मण प्रसाद पटेल को चपेट में लेकर फरार हो गया सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पीएम के लिए भेज दिया पीएम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया पुलिस सीसी कैमरे से अज्ञात वाहन चालक की तलाश में जुटी हुई है मृतक दो भाईयों में छोटा था उसके माता-पिता बलौदाबाजार जिले में रहते है। मजदूरी भिलाई आया था ।

### शहर वार्ड की सफाई व्यवस्था का जायजा लेने निकले आयुक्त

**दुर्ग,13 फरवरी।** नगर पालिक निगम।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर अल सुबह सिकोला भाठा क्षेत्र के निरीक्षण के लिए पहुँचे।उन्होंने वार्ड क्रमांक 14 सिकोला भाठा स्कूल के आस-पास किराना दुकान व शिव मंदिर गली सहित सिकोला बस्ती में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया।इस दौरान स्वास्थ्य अधिकारी जावेद अली के अलावा सफाई अमला मौजूद रहें। शहर क्षेत्र की सफाई व्यवस्था सुचारू बनाए रखने के लिए आयुक्त मॉनिटरिंग करते है।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर प्रतिदिन वार्डो में भ्रमण करते हुए सफाई व्यवस्था का निरीक्षण एवं रहवासियों से फीडबैक ले रहे है।उन्होंने सफाई अमला से कहा कि सफाई व्यवस्था में जो भी कमियां दिखाई दिए उसे सुधारने के दिशा निर्देश दिये।आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने ग्रीन चौक,स्टेशन रोड़, गुरुद्वारा रोड इत्यादि क्षेत्रो का भ्रमण किया।उन्होंने सिकोला भाठा सफाई व्यवस्था के दौरान वार्ड रहवासियों से कहा नल को व्यर्थ खुला न छोड़े,पानी भरने के बाद नल तुरंत बंद कर दे।जहाँ नलों में टोटी नही लगी है।टोटी लगवाने की बात कही। उन्होंने कहा कि गली, मोहल्लों के साथ ही प्रमुख सड़कों से कचरा प्रतिदिन उठाना सुनिश्चित करें। इस दौरान निगमायुक्त ने पब्लिक से भी फीडबैक लिया।स्थानीय रहवासियों ने समस्याओं से आयुक्त को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्था बनाए रखना सबकी नैतिक जिम्मेदारी है, सभी को साथ मिलकर शहर को स्वच्छ और सुंदर बनाने में सहयोग करने की आवश्यकता है। कचरे को इधर-उधर न फेंककर निर्धारित डस्टबिन में ही डालकर सफाई कर्मचारियों को देने की अपील उन्होंने की है। वही कचरा फैलाने वालों पर जुर्माना की कार्रवाई के निर्देश भी उन्होंने दिए हैं।

### समय के पूर्व टैक्स भुगतान करने की अपील की आयुक्त ने

**दुर्ग,13 फरवरी।** नगर पालिक निगम दुर्ग ने बड़े बकायादारों के घर घर पहुँचकर टैक्स वसूली हेतु दस्तक देने प्रारंभ कर दिया है।उसका नतीजा यह है कि फरवरी माह में छुट्टी के दिन को छोडकर 10 फरवरी तक 1 करोड़ 5 लाख रुपये का टैक्स कलेक्शन किया है।जबकि फरवरी माह में कुल 5 करोड़ रुपये टैक्स कलेक्शन का लक्ष्य आयुक्त लोकेश चन्द्राकर ने राजस्व/स्पैरो को टैक्स वसूली हेतु दिया गया है।बड़े बकायादारों को नोटिस जारी कर बकाया टैक्स की राशि जमा करने हेतु सूचित कर दिया गया है।राजस्व अधिकारी दुर्गेश गुप्ता ,उप राजस्व निरीक्षक निशांत यादव,योगेश सूरे,स्पैरो मैनेजर अंकुर राहुल एवं निगम के एआईआई और टीएल एवं टीसी के द्वारा हर बड़े बकायादारों एवं छोटे बकायादारों दोनो के घर पहुँचकर उन्हें टैक्स की राशि जमा करने हेतु प्रेरित किया जा रहा है।एवं जागरूक करदाता जिनके द्वारा करो कि राशी जमा कर दी जा रही है।उन्हें गुलदस्ता भेंट किया जा रही है।जिसके तहत जलाराम वाटिका के मुकेश ,सरस्वती विद्यापीठ के यादव,एवं इंदौर सेव भंडार से साहू ओर बड़े जागरूक कर दाताओं का गुलदस्ता भेंट कर उनका सम्मान किया जा रहा है।

# प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने महतारी वंदन योजना शिविर का लिया जायजा

## महिलाओं को फार्म भरने या अन्य किसी प्रकार की न हो समस्या



**भिलाई, 13 फरवरी।** महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा आरंभ की गई महतारी वंदन योजना के लाभ के लिए बड़ी संख्या में आवेदन भरने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेमप्रकाश पाण्डेय सेक्टर-4 में आयोजित शिविर में जायजा लेने पहुंचे। इस दौरान उन्होंने शिविर का स्थल का जायजा लेते हुए महिलाओं से बातचीत की एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों को निर्देशित किया कि महिलाओं को फार्म भरने या अन्य किसी प्रकार की समस्या न हो, इसका विशेष ध्यान रखें। पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश भर में फार्म भरने के लिए महिलाएं बड़ी संख्या में आवेदन कर रही हैं। महिलाओं में काफी उत्साह देखा जा रहा है। इस योजना से हर महीने मिलने वाली राशि से महिलाएं अपनी छोटी-मोटी जरूरतों को पूरा करने में सक्षम होंगी और सम्मानजनक जीवन निर्वाह कर सकेंगी। इस दौरान पार्षद श्रीमती ईश्वरी नेताम, पूर्व पार्षद रिंकू साहू, आशीष पाण्डेय आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### बीएसपी, सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2023-24 की करेगा मेजबानी

**भिलाई, 13 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र, 15 से 17 फरवरी 2024 के मध्य भिलाई में आयोजित सेल वॉलीबॉल चैंपियनशिप 2023-24 की मेजबानी करने जा रहा है। इस 3 दिवसीय चैंपियनशिप का आयोजन वॉलीबॉल कॉम्प्लेक्स, पंत स्टेडियम, सेक्टर-01, भिलाई में किया जाएगा। इस टूर्नामेंट में भिलाई इस्पात संयंत्र की वॉलीबॉल टीम के साथ-साथ विभिन्न इस्पात संयंत्रों की कुल 10 टीमें भाग ले रही है। भाग लेने वाली अन्य टीमों में एएसपी और डीएसपी, दुर्गापुर, आईएसपी, बर्नपुर, आरडीसीआईएस, रांची, आरएसपी, राउरकेला, एसएसपी, सेलम, आरआईएनएल, बीएसएल, बोकारो, एसआरयू और सेल-कॉर्पोरेट कार्यालय, नई दिल्ली की टीम शामिल हैं।

# समय की मांग है जैविक खेती:शाक्य



**भिलाई, 13 फरवरी।** श्री विष्णु जैविक कृषि केंद्र बेलौदी में नई गौशाला हेतु शेड एक्सटेंशन एवं कृषि उत्पाद प्रदर्शनी का आयोजन विगत रविवार 11 फरवरी को किया गया। इस अवसर पर प्रदर्शनी का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि कामधेनु विश्वविद्यालय दुर्ग के डायरेक्टर ऑफ़ एक्सटेंशन एजुकेशन डॉ संजय शाक्य ने कहा कि जैविक कृषि का महत्त्व दिनों-दिन बढ़ता जा रहा है। खेती करने के तरीकों में न केवल समय एवं मौसम को देखते हुए बदलाव आया है बल्कि उत्पादन के साथ-साथ गुणवत्तापरक कृषि को भी बढ़ावा मिला है। सुखद है कि किसान भाई जैविक खेती के महत्त्व को समझ कर उस ओर उन्मुख हुए हैं। खासकर आज की जीवन शैली को देखते हुए जरूरी हो गया है कीटनाशकों का प्रयोग कम कर हम गोबर खाद की ओर मुड़ें। मिट्टी को उर्वरक बनाने के लिए हमें वैज्ञानिकता के साथ ही पारम्परिक तरीकों को भी अपनाना चाहिए। कृषि विज्ञान केंद्र अंजोरा के प्रमुख डॉ विकास खुने ने खेती-किसानी के विषय में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि आज के दौर में कीटनशकों का प्रयोग बढ़ते जाना वाकई चिंता का विषय है। हमें जैविक कृषि कि ओर ज्यादा-से-ज्यादा उन्मुख होना होगा। सीनियर अधिवक्ता सीएस कनोजे ने कहा कि जैविक कृषि स्वस्थ जीवन का आधार है। वरिष्ठ पत्रकार एवं साहित्यकार शिवनाथ शुक्ल ने इस अवसर पर जैविक कृषि के क्षेत्र में बिहारीलाल एवं मंजुबाला के प्रयासों कि सराहना करते हुए कहा कि हमें अपनी चिंता छोड़कर प्रकृति कि चिंता करनी चाहिए इसकी सीख मिलती है । जैविक कृषि का विस्तार जरूरी है। वरिष्ठ कृषि वैज्ञानिक डॉ निशा शर्मा ने कहा कि लाइफ स्टाइल में हो रहा बदलाव हमें सोचने पर मजबूर करता है। हमें अपने जीवन मूल्यों के साथ समझौता नहीं करना है और जैविक कृषि की ओर अग्रसर होना है । इस अवसर पर श्री विष्णु जैविक कृषि केंद्र बेलौदी के संचालक बिहारीलाल कुशवाहा ने अपने कृषि केंद्र की उपयोगिता एवं जैविक खेती की खासियत पर रोचक प्रस्तुति दी। उन्होंने जैविक खाद निर्माण की प्रक्रिया से भी लोगों को अवगत कराया। उनके साथ जैविक कृषि में साथ निभा रहीं उनकी धर्मपत्नी श्रीमती मंजुबाला ने अतिथियों का स्वागत किया एवं हैदराबाद से आई इंजिनियर सुजाता वर्मा ने कार्यक्रम का संचालन किया। इंजीनियरिंग स्टूडेंट सन्नी कुशवाहा ने अभ्यागतों का स्वागत किया। पूजा-अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। इस अवसर पर किसानों से लेकर आसपास के गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

### राम उपकार तिवारी बने दुर्ग लोकसभा चुनाव के सह संयोजक

**भिलाई, 13 फरवरी।** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश नेतृत्व द्वारा लाभार्थी संपर्क अभियान की प्रदेश स्तरीय एवं लोकसभा स्तरीय टीम की घोषणा की गई है जिसमें प्रदेश संयोजक प्रदेश के महामंत्री एवं वरिष्ठ नेता रामजी भारती को बनाया गया है। उन्होंने पूरे 11 लोकसभा के संयोजक की नियुक्ति की है, जिसमें दुर्ग लोकसभा से भारतीय जनता पार्टी किसान प्रकोष्ठ के पूर्व जिला अध्यक्ष राम उपकार तिवारी को सह संयोजक बनाया गया है। राम उपकार तिवारी ने पूर्व में लोकसभा एवं विधान सभा से लेकर नगरीय निकाय चुनावों तक बीजेपी को विजयश्री दिलाने में अपनी अहम् भूमिका का निर्वहन किया, जिसे देखते हुए प्रदेश नेतृत्व ने उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है।



तिवारी ने यह महत्त्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर संकल्प लिया है कि पिछली बार दुर्ग लोकसभा 392000 वोटो से हमने जीता था, इस बार हम उससे बहुत ज्यादा बहुमत से जीत कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 400 सीटों के पार के लक्ष्य को पूरा करेंगे तथा छत्तीसगढ़ की समस्त लोकसभा सीट जीतकर उन्हें उपहार स्वरूप भेंट करेंगे। राम उपकार तिवारी को दुर्ग लोकसभा का सह संयोजक बनाये जाने पर उनके समर्थकों एवं इष्ट मित्रों ने बधाई और शुभकामनाएं दी हैं।

# आयुक्त ने क्षेत्र भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्यों को जायजा लिया



**भिलाई, 13 फरवरी।** निगम क्षेत्र क्षेत्र में चल रहे नियमित सफाई कार्य, निर्माण कार्य एवं पेयजल आपूर्ति का स्थल अवलोकन करने आयुक्त प्रातः 6 बजे से क्षेत्र भ्रमण कर रहे हैं। सोमवार को आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने जोन-1 नेहरू नगर के विभिन्न वार्डो में पहुँचकर सफाई व्यवस्था को देखा। उन्होने दो-तीन नाली को जोड़ने वाले स्थल में बह कर आने वाले कचरे की सफाई नियमित रूप से करने को कहा ताकि जल जमा की स्थिति न बने। भ्रमण के दौरान आयुक्त कोहका पानी टंकी पहुँचे और पेयजल हेतु क्षेत्र में सप्लाई किये जा रहे पानी की नियमित नमुना जॉच कर रिकार्ड संधारण करने के निर्देश दिये। ध्रुव कोहका के साकेत नगर पहुंचकर क्षेत्र में जलभराव की स्थिति को रोकने रिसाव वाले जगह को चिन्हित कर जल प्रवास को रोकने के निर्देश दिये हैं। सभी जोन आयुक्त भी अपने प्रभार क्षेत्र का प्रातः भ्रमण कर चल रहे निर्माण कार्य, सफाई एवं जल प्रदाय पाइप की जांच कर हुए लीकेज का तत्काल संधारण करवा रहे हैं साथ ही डोर टू डोर किये जा रहे कचरा संग्रहण में लोगों को सूखा और गीला कचरा को पृथक कर देने के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे जिसका अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है।

### स्वयं सहायता समूह की दीदियों को मिला सम्मान

**राजनांदगाव,13 फरवरी।** खैरागढ़ सांस्कृतिक भवन में जिला स्तरीय महिला स्वयं सहायता समूह सशक्तिकरण शक्ति वंदन अभियान में राजनांदगाव जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गीता घासी साहू मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि कोमल जंघेल, घम्मन साहू, रामाधार रजक,विकेश गुप्ता, विनय देवांगन, कमलेश कोठले,आलोक श्रीवास,चंदूलाल वर्मा,गोरेलाल वर्मा, जैनेंद्र जंघेल, गिरिजा चंद्राकर, प्रीति यादव, कांता यादव, डेविन कोठले, इंद्राणी वर्मा, जयंत्री साहू,वंदना टांडेकर, अनूप वर्मा आदि के आतिथी में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि श्रीमती गीता घासी साहू एवं उपस्थित अन्य अतिथियो द्वारा छत्तीसगढ़ महतारी के तैल चित्र के समक्ष दीप प्रज्जवित कर किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्वागत सम्मान गुलदस्ता भेंटकर किया। कार्यक्रम में उपस्थित स्वयं सहायता समूह की बहनों को केंद्र व राज्य सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी गई ।

### रानीतराई सती माता के चरित्र से प्रत्येक जीव को शिक्षा लेना चाहिए : गोपिकेश्वरी देवी



**उतई, 13 फरवरी।** रानीतराई में चल रहे श्री राम कथा में द्वितीय दिन बताया कि सती माता शंकर जी के आज्ञा का उलंघन करके बिना आमंत्रण के अपने पिता दक्ष प्रजापति के घर गयी तो वहा बहुत अपमानित हुयी और स्वयं के शरीर को भी भस्म करना पड़ा।इसलिए बिना आमंत्रण के किसी के घर किसी भी जीव को नहीं जाना चाहिए चाहे वह अपनी स्वजन ही क्यों न हो। फिर शिव पार्वती की शादी उत्सव मनाया गया ,भगवान शिव पार्वती के विवाह का उपस्थित भक्त जनों ने आनंद उत्सव मनाया।आज श्री राम कथा स्थल पर इतवारी साहू ,दूज राम साहू ,सेवक राम यदु , ,आलोक बंछोर ,श्रीमति बसंती वर्मा ,सरपंच निर्मल जैन आयोजक समिति सदस्य धनराज साहू ,अशोक शर्मा पूर्व जनपद सदस्य, जितेंद्र धुरंधर , प्रशान्त तिवारी ,नीलमणि साहू ,सुआंजना चक्रधारी ,सरोज साहू , प्रिया चक्रधारी ,सीमा धुरंधर ,वीरेंद्र बंछोर , पंच राम चक्रधारी ,सालिक चक्रधारी , सहित श्रद्धालु जन उपस्थित रहे ।

# खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह का समापन पुरस्कार वितरण के साथ हुआ



**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई इस्पात संयंत्र के तत्वाधान में 7 वें खान पर्यावरण एवं खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 का समापन एवं पुरस्कार वितरण समारोह 11 फरवरी को महात्मा गांधी कला मंदिर में आयोजित किया गया था। मुख्य अतिथि चीफ कंट्रोलर ऑफ माइंस इंचार्ज एम डी आर- भारतीय खान ब्यूरो नागपुर पीयूष नारायण शर्मा थे तथा विशेष अतिथि के रूप में कंट्रोलर ऑफ माइंस सेन्ट्रल जोन - भारतीय खान ब्यूरो, नागपुर डॉ वाय जी काले उपस्थित थे। इस अवसर पर क्षेत्रीय खान नियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के संरक्षक प्रेम प्रकाश, कार्यपालक निदेशक व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के अध्यक्ष समीर स्वरुप, कार्यपालक निदेशक व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के सहअध्यक्ष बी के गिरी तथा निदेशक गोदावरी पावर एंड इस्पात लिमिटेड व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के उपाध्यक्ष विनोद पिल्लई मंचासीन थे। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम में क्षेत्रीय खनन भू-विज्ञानी भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र व खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 के संयोजक देवदुर्लभ दाश, उप-खान नियंत्रक भारतीय खान ब्यूरो, रायपुर क्षेत्र दयानंद उपाध्याय तथा संयंत्र के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे। समापन समारोह के कार्यक्रम का उद्घाटन अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलन और राष्ट्रगान के साथ किया गया। इसके उपरांत मुख्य अतिथि पीयूष नारायण शर्मा ने अपने उद्बोधन में खान बिरादरी को प्राचीन भारतीय परंपरा में उद्धत प्रकृति के साथ सामंजस्य की व्यवस्था को आत्मसात कर, समेकित खनन दृष्टिकोण अपनाने और खनन करने का सुझाव दिया। इस दौरान मुख्य अतिथि द्वारा खान पर्यावरण व खनिज संरक्षण सप्ताह 2023-24 पर प्रकाशित स्मारिका एवं बनाये गए कैलेंडर का विमोचन भी किया गया। एस आर जी ग्रुप की प्रस्तुति, छत्तीसगढ़ लोकनृत्यों की एक गुलदस्ता ड्ड रंगझांझर एवं राजहरा खदान के कर्मियो द्वारा नाटक प्रस्तुत किया गया। देवदुर्लभ दाश ने पर्यावरण बंधु एवं थीम पुरस्कारों की घोषणा की। विजेताओं को पुरस्कारों का वितरण किया गया। सी श्रीकांत महाप्रबंधक ने धन्यवाद ज्ञापन दिया।

### 5 स्काउट गाइड का राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन



**उतई, 13 फरवरी।** दीपशिखा विद्यालय डुमरडीह, उतई के कक्षा दसवीं स्काउट-गाइड के पांच विद्यार्थियों वेदांत वर्मा ,यिशांत सिन्हा, शुभांग साहू ,पुष्कर यादव एवं भूपेश साहू का राज्यपाल पुरस्कार के लिए चयन हुआ । यह उपलब्धि स्टेट लेवल राज्यपाल टेस्टिंग कैंप में सफल होकर हासिल किये तथा वे राष्ट्रीय लेवल राष्टपति टेस्टिंग कैंप के लिए क्वालीफाई कर लिए है । इनके इस उपलब्धि पर विद्यालय के स्काउट मास्टर तरुण यादव का सराहनीय योगदान रहा । इन्हें इस उपलब्धि पर दीपशिखा शिक्षण समिति के सचिव डी एल सिन्हा विद्यालय के प्राचार्य के.आर. सिन्हा, प्रधान पाठक एन के चंद्राकर, उप प्राचार्या अनीता अहीर ,शांता सोनवानी ,शरणजीत कौर, एस आर सेन एवं समस्त विद्यालय परिवार ने इनके उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए ढेर सारी बधाई देते हुए शुभकामनाएं प्रेषित किए।

# महिला से अनाचार, आरोपी गिरफ्तार



**भिलाई, 13 फरवरी।** भिलाई स्मृति नगर चौकी क्षेत्र सेलून चलाने वाली महिला की चाय नशे की गोलियां डालकर आरोपी मोहम्मद आरिफ रजा ने अनाचार करने का मामला सामने आया है। इस बीच उसका वीडियो भी बना लिया। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर दुष्कर्म करता रहा। इस बीच दो साल तक शादी का झांसा देता रहा। इस पर महिला ने पिछले माह आरोपी के खिलाफ थाने में शिकायत दर्ज करा दी। करीब महीने बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है पुलिस ने बताया कि पीड़िता की शिकायत पर धारा 376(2)एन, 506 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि उसकी सेलून दुकान है। उसके यहां काम करने वाले सहकर्मी ने केलबाड़ी दुर्ग निवासी मोहम्मद आरिफ रजा से अगस्त 2020 में परिचय कराया। इसके बाद इस्टाग्राम के जरिए दोनों के बीच बातचीत शुरू हो गई। इस बीच 12 नवंबर की शाम आरिफ उसे परिजनों से मुलाकात कराने की बोलकर न्यू दीनदयाल कॉलोनी खम्हरिया में ले गया, जहां घर पर ताला लगा हुआ था। पूछने पर 10-15 मिनट में परिजनो के आने की बात कही। इस पर अंदर लेजकर उसके लिए चाय बनाकर दी, जिसमें नशे की गोली मिली थी। इसकी वजह से चाय पीकर उसे चक्कर आने लगा। इसके बाद उसके साथ अनाचार किया। नशा कम होने पर उसने विरोध किया और थाने में शिकायत की बात कही तो आरिफ ने उसका गंदा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर चुप करा दिया। इसके बाद उसे शादी का प्रलोभन देने लगा। इस बीच आरोपी ने 10 नवंबर 2023 को भी अनाचार किया। लेकिन नाम पर मुकरने लगा। इस पर 3 जनवरी को मोहम्मद आरिफ रजा के खिलाफ अपराध दर्ज करा दिया सोमवार को आरोपी आरिफ रजा ने थाने में सरेंडर किया है।

# विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में लाभ लेने के लिए बड़ी संख्या में लोग पहुंचे



रिसाली। विकसित भारत संकल्प यात्रा शिविर के दूसरे चरण के तहत सोमवार को 9 हजार से अधिक महिला पुरुष शिविर स्थल पहुंचे। निगम के अंतिम छोर पुरैना और एचएससीएल मरोदा में शिविर लगाया गया। निगम आयुक्त आशीष देवांगन ने दोनो स्थल का निरीक्षण कर हितग्राहियों को योजना के बारे में जानकारी दी। दरअसल शिविर स्थल श्रमिक बाहुल्य क्षेत्र है। काबिज निवास स्थल भिलाई इस्पात संयंत्र और रेलवे के क्षेत्राधिकार में है। पट्टा नहीं होने की वजह से निगम कर्मचारियों ने आम लोगों को प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्जवला योजना के अलावा प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी महतारी वंदन योजना के बारे में जानकारी दी। शिविर का उद्घाटन पार्षद ओमप्रकाश मिर्झा, रंजीता बेनुआ, पार्वती महानंद, सरिता देवांगन, रेखा देवी, विनय नेताम, गजेन्द्री कोठारी, ममता सिन्हा मण्डल अध्यक्ष शैलेन्द्र शेण्डे, राजू जंघेल, विक्की सोनी, दुर्गेश साहू, लक्ष्मण राव आदि लोग उपस्थित थे। एच.एस.सी.एल. कालोनी स्टेशन मरोदा में आधार अपडेट कराने वालों की संख्या अधिक थी। यहां आधार अपडेट नहीं होने की वजह से योजनाओं का लाभ लेने में दिक्कत हो रही थी। आयुक्त की पहल पर शिविर स्थल पर आधार अपडेट करने वाले कर्मचारियों की संख्या बढ़ाई गई। शिविर में कई ऐसे गरीब महिलाएं थी जिन्हें उज्जवला योजना का लाभ नहीं मिल रहा था। खाद्य विभाग द्वारा

# यूनिवर्सल रेल मिल ने रेल प्रोफाइल में बनाया नया रिकॉर्ड



**भिलाई, 13 फरवरी।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र की यूनिवर्सल रेल मिल ने एक बार फिर अब तक का सर्वश्रेष्ठ उत्पादन दर्ज कर नया रिकॉर्ड हासिल किया है। 260 मीटर रेल पैनल का उत्पादन करने वाली मिल ने, 03 फरवरी, 2024 को ऋ260-60श्व1 के प्रोफाइल में रिकॉर्ड 3,835 टन (453 ब्लूम) का उत्पादन करके नया ÷डे रिकॉर्ड÷ हासिल किया है, जो 19 सितंबर, 2023 को बनाये 3,623 टन (428 ब्लूम) के पिछले सर्वश्रेष्ठ उत्पादन को पार कर गया है। जनवरी 2024 के महीने में, यूआरएम ने क्रमशः 11,124 नग रोलिंग, 86,733 टन फिनिश्ड रेल उत्पादन, 82,439 टन प्राइम रेल उत्पादन और 5,184 वेल्डेड रेल पैनल में, अब तक का सर्वश्रेष्ठ मासिक उत्पादन रिकॉर्ड दर्ज किया है। जो दिसंबर 2023 के पिछले महीने में बनाये गए रिकॉर्ड को पार कर गया है। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी अनिर्बान दासगुप्ता, कार्यपालक निदेशक अंजनी कुमार और प्लांट के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने इस उपलब्धि पर यूआरएम की टीम को बधाई दी और टीम को यूआरएम के सभी लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु, इसी भावना के साथ काम करने के लिए प्रेरित किया।

# किसान विरोध के खिलाफ केन्द्र सरकार तानाशाही रवैया छोड़े:तेजराम विद्रोही

- केन्द्र सरकार प्रदर्शनकारी किसानों को देश का दुश्मन न समझे
- सभी राजनीतिक दलों से ज्यादती की निंदा करने की अपील
- 16 फरवरी की देशव्यापी विरोध, कार्रवाई से पहले कोई चर्चा क्यों नहीं

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजिम,13 फरवरी।** भारतीय किसान यूनियन छत्तीसगढ़ के प्रदेश महासचिव तेजराम विद्रोही ने केन्द्र सरकार की उस तानाशाही तरीके के खिलाफ अपना कड़ा असंतोष और गुस्सा व्यक्त किया है जिसमें मोदी सरकार पंजाब और दिल्ली की सीमाओं व राजमार्गों पर लोहे की कीलें, कंटीले तार और कंक्रीट बैरिकेड्स लगाकर किसानों के लोकतांत्रिक तरीके से विरोध प्रदर्शन को रोक रही है। प्रशासन ने दिल्ली और हरियाणा के आसपास धारा 144 लागू कर रहा है और जनता को बिना किसी पूर्व सलाह के यातायात को डायवर्ट कर रहा है तथा लोगों को डराने के लिए आतंक का माहौल बना रहा है। मोदी सरकार प्रदर्शनकारियों के साथ ऐसा व्यवहार कर रही है जैसे कि वे देश के दुश्मन हों। मध्य प्रदेश में, किसान सभा नेता राम नारायण कुरारिया, उनकी सहित संयुक्त किसान मोर्चा के पांच राज्य नेता अंजना कुरारिया, किसान संघर्ष समिति नेता एडवोकेट आराधना भार्गव, बीकेयू (टिकैत) नेता अनिल यादव, एनएपीएम नेता राजकुमार सिन्हा को सीआरपीसी की धारा 151 के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया राज्य के विभिन्न हिस्सों में कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया गया संयुक्त किसान मोर्चा ने पीएम मोदी से यह स्पष्ट करने का आग्रह किया कि उनकी सरकार लोगों की आजीविका की मांगों पर 16 फरवरी 2024 को देशव्यापी ग्रामीण बंद और औद्योगिक/ क्षेत्रीय हड़ताल के आह्वान के संदर्भ में किसानों और श्रमिकों के मंच से चर्चा के लिए तैयार क्यों नहीं है?लोगों की आजीविका की माँगों पर भारत भर में उभरते संघर्षों के संदर्भ में लोगों के विरोध को दबाने के प्रयास व्यर्थ है एसकेएम ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को याद दिलाया कि भारत में एक संविधान है जो सभी नागरिकों के लिए विरोध करने का अधिकार सुनिश्चित करता है एसकेएम सभी राजनीतिक दलों और सभी वर्गों के वर्ग एवं जन संगठनों से मोदी प्रशासन की इस मनमानी की निंदा करने की अपील करता हैभाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र और राज्य सरकारों के दमन का जनता द्वारा प्रतिकार किया जाएगा सभी वर्गों के समर्थन से किसान और श्रमिक यह सुनिश्चित करेंगे कि 16 फरवरी 2024 की औद्योगिक/क्षेत्रीय हड़ताल और ग्रामीण बंद व्यापक, जीवंत और सफल हो।

## एक नजर

### शहर में यातायात को सुगम बनाने सड़कों को किया जा रहा दुरूस्त: राशि महिलांग



**महासमुंद।** पालिका द्वारा शहर के विभिन्न मार्गों और गुरु घासीदास बस स्टैंड तथा बिन्नी बाई सब्जी बाजार परिसर में डामरीकरण का कार्य कराया जा रहा है। रविवार को सब्जी बाजार और सोमवार को बस स्टैंड परिसर में चल रहे डामरीकरण का कार्य का नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने जायजा लिया और ठेकेदार को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान पूर्व नपा उपाध्यक्ष त्रिभुवन महिलांग भी मौजूद रहे। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती राशि त्रिभुवन महिलांग ने बताया कि पालिका द्वारा कांग्रेस शासन काल में शहर में विभिन्न मार्गों में डामरीकरण कार्य के लिए राशि की मांग की गई थी। जिसके लिए शासन द्वारा करीब एक करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति मिलने के बाद शहर स्थित गुरु घासीदास बस स्टैंड और बिन्नी बाई सब्जी बाजार समेत अन्य मार्गों में डामरीकरण कार्य की शुरुआत की गई है। श्रीमती महिलांग ने कहा कि उनका लक्ष्य है कि शहर के नागरिकों को किसी भी तरह की समस्या का सामना न करना पड़े। इसमें शहर की सड़कें भी आवश्यक है जिसका उपयोग शहर के नागरिक रोज आवागमन के लिए करते हैं।

### पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोबोटिक्स विषय पर कार्यशाला आयोजित




**महासमुंद।** पॉलिटेक्निक कॉलेज में रोबोटिक्स विषय पर विगत दिवस दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का आयोजन कॉलेज के ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट सेल एवं रोबोनाईट रोबोटिक्स एंड स्टीम एजुकेशन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ कॉलेज की प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा द्वारा किया गया।उन्होंने अपने उद्बोधन में बताया कि रोबोटिक जैसे नए तकनीकी विषय में कौशल प्राप्त करना विश्व बाजार की मांग है और इस कार्यशाला के द्वारा विद्यार्थियों में नवाचार एवं नए कौशल का विकास होगा। कॉलेज के प्रशिक्षण और नियोजन अधिकारी रितेश दुबे ने बताया कि इस कार्यशाला में लगभग 100 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। साथ में यह भी बताया कि यह कार्यशाला दो सत्रों में आयोजित की गई। प्रथम सत्र में रोबोटिक संबंधित मूलभूत जानकारी प्रदान की गई। दूसरे सत्र में छात्र छात्राओं को रोबोट बनाने की तक नीक सिखाई गई। इस अवसर पर रोबोनाईट कंपनी के मैनेजर अनंत दुबे, कंपनी के ट्रेनर, कॉलेज के समस्त व्याख्याता, लैब तकनीशियन एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### मेरी पालिसी मेरे हाथ के तहत कृषकों को बीमा पालिसी का किया जा रहा वितरण

**रायगढ़, 13 फरवरी।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना तथा पुर्नगठित मौसम आधारित फसल बीमा योजना जिले में संचालित है। जिसके अंतर्गत मौसम रबी-2023-24 में कुल 2231 कृषक बीमित हुए है, जिन्हें मेरी पालिसी मेरे हाथ के तहत बीमा पालिसी का वितरण भारतीय कृषि बीमा कंपनी द्वारा विभागीय सहयोग से किया जा रहा है। योजनान्तर्गत अब तक 1789 बीमित कृषकों को बीमा पालिसी कंपनी द्वारा विभागीय समन्वय के साथ बीमा पालिसी का वितरण कर दिया गया है। शेष कृषकों की बीमा पालिसी का वितरण किया जा रहा है। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए उप संचालक कृषि रायगढ़ से संपर्क कर सकते है।

# किसी के उपकार को नही भूलना चाहिए और उसे चुकाने का प्रयास करना चाहिए:पं.पंकज

## गोपियां भगवान श्री कृष्ण को प्रेमभाव से माखन खिलाना चाहती थी लेकिन सफल नहीं होती थी





महासमुंद। किसी के उपकार को भूलना नही चाहिए, और जब भी समय आए उसे चुकाने का प्रयास करना चाहिए। राम अवतार में वानरों ने प्रभु श्रीराम की वनवास के समय बहुत सहायता की थी जिसे श्री कृष्ण अवतार में भगवान ने मां यशोदा के हाथ से बने मक्ान खिलाकर चुकाने का प्रयास किया। ग्राम भदरसी में चल रहे श्रीमद भावगत ज्ञान यज्ञ सप्ताह में व्यासपीठ से भगवत कथा का बखान करते हुए पं. पंकज तिवारी ने श्रीकृष्ण के बाल लीलाओं का बखान किया। उन्होंने माखन चोरी प्रसंग का वर्णन करते हुए कहा कि गोकूल की गोपियां भगवान कृष्ण को अपने हाथों से माखन खिलाना चाहती थी इसलिए उसे पकडऩे का हर संभव प्रयास करती लेकिन सफल नही हो पाते थे, किसी ना किसी रूप में भगवान श्री कृष्ण अपनी सखाओं के साथ माखन चोरी कर सखाओं को खिलाकर आनंद लिया करते थे। ऐसे ही माखन चोरी के समय भगवान कृष्ण गोपी के पकड़ में आ गए तो उसे मनाने के लिए भगवान ने गोपी के कहने पर न केवल उनके हाथ से माखन खाया बल्कि पांच वर्ष की उम्र में कमर और सिर में हाथ रखकर नृत्य भी किया। सही मायने में भगवान श्री कृष्ण केवल व केवल गोपियों के प्रेम भाव के कारण ही उनकी इच्छाओं को पूर्ण करते रहे। वहां से जब घर पहुंचे तो मां यशोदा अपने हाथों से माखन खिलाने का प्रयास किया तो वह दुग्धपान करने का हट करने लगा और उनकी इच्छाओं को पूरी करने के लिए माता यशोदा ने दुग्धपान कराया। उसी समय दुग्ध उबलने की आवाज आने पर भगवान को बैठाकर चली गई इसी समय बाल सखा आए तो बालसाखाओं ने पूछा कि आज कहां चलना है तो श्री कृष्ण ने कहा आज कही नही जाना है। मां यशोदा ने अपने हाथों से प्रसाद स्वरूप प्रसाद तैयार किया है जिसे हम सभी को ग्रहण करना है। इसी समय वहां पर उछलकूद कर रहे वानरों को भी प्रभु ने अपने पास बुलाकर मां यशोदा के हाथ से बने माखन रूपी प्रसाद को खिलाया और राम अवतार के समय वानरों द्वारा किए गए उपकार को चुकाने का प्रयास किया। साथ ही बालसाखाओं के साथ स्वयं माखन का आनंद लेते रहे जब माता लौटी तो दृश्य देखकर क्रोधित और भगवान को दंड देने के लिए ओखल से बांध दी। कुछ देर बात ओखल को खीचते हुए आंगन में खड़े पेड़ के बीच से निकलते हुए पेड़ को गिराया और जड़ रूप में खड़े नल कुबेर का उद्धार कर श्रापमुक्त किया। नारद ने गंगा में स्त्रियों के साथ जल विहार करते समय नलकुबेर को मना किया था कि पवित्र तीर्थ स्थलों में यह आचरण ठीक नही किंतु वह नही माना इस पर उसे जड़ हो जाने का श्राप मिला था। ग्राम भदरसी में दुलारी बाई, हुकुम, शिवकुमार, रूपेश्वर चंद्राकर परिवार द्वारा यह आयोजन किया गया है। 14 फरवरी को गीतापाठ, हवन, कपिला तर्पण होगा।

### निर्वाचन में मास्टर ट्रेनर की भूमिका महत्वपूर्ण:कलेक्टर

**रायगढ़, 13 फरवरी।** निर्वाचन कार्य के दौरान मास्टर ट्रेनरों की भूमिका महत्वपूर्ण होती है, इसलिए सभी मास्टर ट्रेनर गहनतापूर्वक प्रशिक्षण प्राप्त करें, ताकि आगे आप ब्लाक स्तर पर भली-भांति अच्छे से प्रशिक्षण दे सकें। उक्त बातें कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने आगामी लोकसभा निर्वाचन के लिए मास्टर ट्रेनरों को दिये जा रहे प्रशिक्षण में कही। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कार्तिकेया गोयल ने कहा कि निर्वाचन कार्य एक बहुत बड़ा टीम वर्क का काम है। जिसको जिम्मेदारी पूर्वक हम सबको निर्वहन करना है। उन्होंने सभी मास्टर ट्रेनर को मतदान करवाने की प्रक्रिया को अच्छे से सीखने को कहा। उन्होंने मतदान कार्य को निर्बाध रूप से संपादित करने के लिए प्रशिक्षण में दी जा रही जानकारियों को बारीकी से समझने को कहा। उन्होंने निर्वाचन आयोग द्वारा जारी गाईड लाईन को भली-भांति अध्ययन करने को कहा ताकि सभी प्रकार की शंकाएं दूर हो सकें। कलेक्टर श्री गोयल ने ईवीएम एवं वीवीपैट के परिचालन, कनेक्शन, माकपोल आदि को भली-भांति सीख लेने के निर्देश दिए।

# कलेक्टर ने आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना



**रायगढ़, 13 फरवरी।** आयुष विभाग द्वारा जिले के सुदूर क्षेत्रों में आयुर्वेद के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाने जिले में आयुष मोबाईल मेडिकल यूनिट (एमएमयू) सेवा की शुरुआत की है। जिसको कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ.मीरा भगत ने बताया कि राष्ट्रीय आयुष मिशन अंतर्गत संचालनालय आयुष रायपुर छत्तीसगढ़ से प्राप्त निर्देशानुसार भारत सरकार आयुष मंत्रालय से छत्तीसगढ़ के प्रति संभागवार एक-एक आयुष मोबाईल मेडिकल यूनिट द्वारा चिन्हांकित पहुंच विहीन दूरस्थ अंचलों में योजना का संचालन किया जाएगा। जिसके तहत बिलासपुर संभाग से एकमात्र यूनिट का संचालन रायगढ़ तथा सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में किया जाएगा। आयुष मोबाइल मेडिकल यूनिट से रायगढ़ एवं सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के दूरस्थ ग्रामों में वर्षभर साप्ताहिक रोस्टरवार शिविर लगाया जाएगा। जिसमें विकासखंड तमनार के बिरहोर बाहुल्य ग्राम कोडकेल, कचकोबा, विकासखंड धर्मजयगढ़ के ग्राम कमोसिनडांड, विकासखंड घरघोड़ा के ग्राम चारमार, विकासखंड लैलूंगा के ग्राम पोटेबिरनी, विकासखंड खरसिया के ग्राम पंडरमूडा एवं जिला सारंगढ़-बिलाईगढ़ अंतर्गत विकासखंड बरमकेला के ग्राम परसरामपुर, विकासखंड सारंगढ़ के ग्राम गुडेली में जिला मुख्यालय से आयुष डाक्टर एवं पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा ग्रामीणों को आवश्यक उपचार कर निःशुल्क दवाइयां वितरित की जाएगी ।

ग्राम कोडकेल में 13 फरवरी से शिविर का आयोजन प्रारंभ होगा। जिला प्रशासन की पहल पर आयुष विभाग द्वारा सुदूर अंचलों में स्थित ऐसे गांवों का शिविर के लिए चयन किया गया है। जहां जनजातीय बाहुल्य क्षेत्र है एवं स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए लोगों को दूर जाना पड़ता है। ऐसे जगहों में विभाग द्वारा जीवन शैली जन्य रोग मधुमेह, उच्चरक्त, पक्षाघात, चर्मरोग, स्त्रीरोग, मौसमी बीमारियां एवं कुपोषण एनीमिया, गर्भावस्था, जरारोग आदि से संबंधित परामर्श एवं उपचार किया जाएगा। विभाग द्वारा शिविर में ब्लड प्रेशर, रेपिड मलेरिया टेस्ट, ब्लड शुगर, प्रेगनेंसी टेस्ट आदि की तत्काल निदान हेतु जांच सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इस अवसर पर जिला आयुर्वेद चिकित्सालय रायगढ़ प्रभारी डॉ.नीरज मिश्रा एवं आयुष विभाग के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पंचायतों में डीबीटी खाता खुलवाने लगेंगे शिविर



**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने सोमवार को जिले की सभी बैंक शाखाओं के प्रबंधकों की बैठक लेकर ग्राम पंचायतों में डीबीटी खाता खुलवाने शिविर लगाने के निर्देश दिए। जिसमें महतारी वंदन योजना के हितग्राहियों के लिए सुविधा होगी, एवम बैंक तक खाता खुलवाने के लिए नहीं आना पड़ेगा।शाखा प्रबंधकों को श्री नंदनवार ने कहा कि जिले में बैंकिग सेवाओं की अधिक आवश्यकता है। हमारा प्रथम कर्तव्य है कि हम वंचित और जरूरत मंद लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने, अपनी सेवा पहुंचा सके। वास्तव में यही अपने कर्तव्य का पालन और सच्ची सेवा होगी। बैठक में लीड बैंक अधिकारी कृष्ण लाल सहायक परियोजना अधिकारी मनीष सोनवानी तथा जिले के सभी बैंकों के शाखा प्रबंधक उपस्थित रहे।

## सुरक्षित जीवन के लिए पक्का आवास जरूरी: नंदनवार

**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** उसूर



विकासखंड मुख्यालय आवापल्ली में ग्रामीणों की मांग एवं जनसमस्या निवारण शिविर में जिला पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री हेमंत रमेश नंदनवार ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि कच्चे मकान में अकसर सांप-बिच्छू जैसे जीव जंतुओं का खतरा बना रहता है। बारिश के दिनों में कच्चे मकान में नमी के चलते स्वास्थ्यगत परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पक्के आवास में इस सारी परेशानियों से पर काबू पाया जा सकता है। इसलिए प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत स्वीकृत आवासों को हितग्राही जल्द पूर्ण करें । साथ ही महतारी वंदन योजना सहित अन्य हितग्राही मूलक योजनाओं का लाभ लेने ग्रामीण अपना दस्तावेज दुरुस्त करवाने के साथ फॉर्म भर ले। इसके लिए ग्राम पंचायत सहित जनपद स्तर के कर्मचारी आपका सहयोग करेंगे। जिले में शासन की योजनाओं का लाभ जरूरत मंदों तक पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत वार शिविर का आयोजन किया जा रहा है सोमवार को जिले की विकासखंडों के ग्राम पंचायत आवापल्ली, कोडोली और गोल्लागुडा में शिविर का आयोजन किया गया।



## जवान ने किया महिला के लिए रक्तदान

**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।**छत्तीसगढ़ राज्य के जिला बीजापुर में श्रीमती ममता माडवी पत्नी सुखराम माडवी जोकि गांव-सक्नापल्ली, गुडमा के जिला बीजापुर (छत्तीसगढ़) की रहने वाली हैं एवं दोनों दम्पति जिला बीजापुर में मजदूर वर्ग में कार्य करते है। श्रीमती ममता माडवी जोकि गर्भावस्था में थी को दिनांक 12/02/2024 को तत्काल प्रभाव से रक्त की आवश्यकता थी, जिससे उक्त मरीज की जान बचाई जा सके।सिविल अस्पताल, बीजापुरप से उपरोक्त सूचना के प्राप्त होने ही श्री चंदम बॉबी सिंह, कमाण्डेट-229 बटालियन के आदेशानुसार वाहिनी के चिकित्सा अधिकारी ने बीजापुर, जिला सिविल अस्पताल में सम्पर्क किया और इस वाहिनी के सिपाही/जीडी शिशिर कुमार बैरिक द्वारा जिला अस्पताल, बीजापुर में उक्त मरीज को रक्तदान किया जिसके कारण जच्चा व बच्चा के जीवन को बचाया जा सका। रक्तदान के पश्चात जिला अस्पताल द्वारा रक्तदाला को प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया। उक्त दम्पती द्वारा रक्तदाता एवं 229 केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल को धन्यबाद दिया गया। इससे पूर्व में भी 229 वाहिनी के अधिकारियों व कार्मिकों द्वारा रक्तदान कर कई आदिवासी भाइयों व उनके परिवारजनों की जान बचाने का कार्य किया गया है। भविष्य में भी 229 वाहिनी के.रि.पु.बल इस प्रकार के मानवता के कार्य करने के लिए सदैव तत्पर एवं प्रतिबद्ध है।

## जिला पंचायत में सामान्य सभा की बैठक

**बीजापुर,9 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला पंचायत बीजापुर की सामान्य सभा की बैठक 12 फरवरी 2024 को प्रातः 11 बजे जिला पंचायत सभाकक्ष में आहूत की गयी है। बैठक में वन, स्वास्थ्य, आदिवासी विकास, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास, कृषि, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी ईत्यादि विभागों के कार्यों की समीक्षा की जावेगी। उक्त बैठक में सभी विभागों के जिला स्तरीय अधिकारियों को अद्यतन जानकारी सहित उपस्थित होने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं जिला पंचायत सदस्यों एवं मानद सदस्य सर्व जनपद पंचायत अध्यक्ष को इस बैठक में उपस्थित होने को आग्रह किया गया है।

# अतिरिक्त गतिविधियों से बच्चों में उत्साह के साथ बढ़ता है मनोबल:कलेक्टर



**रायगढ़, 13 फरवरी।** राज्य परियोजना कार्यालय समग्र शिक्षा रायपुर के निर्देशानुसार बच्चों में विज्ञान को रुचिकर बनाने तथा वैज्ञानिक अभिरुचि जागृत करने के उद्देश्य से नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में जिला स्तरीय राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल शामिल हुए। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत श्री जितेन्द्र यादव भी उपस्थित रहें। उन्होंने बच्चों द्वारा बनाए गए कबाड़ से जुगाड़ मॉडल एवं प्रोजेक्ट का गहन अवलोकन किया एवं बच्चों से विभिन्न प्रश्न पूछ कर उनका उत्साह वर्धन भी किया। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत बच्चों के लिए अतिरिक्त गतिविधियों के रूप में यह संचालित की जाती है। शिक्षा के साथ अतिरिक्त गतिविधियां बच्चों के लिए जरूरी है, ताकि बच्चों में टॉक, डिबेट, इनोवेशन की तरफ रुझान बढ़े। इसी के तहत आज नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में साइंस फेयर, कबाड़ से जुगाड़, बुक फेयर एवं विज्ञान प्रश्नोत्तर कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। कलेक्टर श्री गोयल ने कहा कि बच्चों में वैज्ञानिक सोच लाना आवश्यक है ताकि प्रतियोगिता परीक्षा के लिए तैयार होने के साथ, उनमें प्रतियोगिता के प्रति ललक बनी रहें। हमारे जिले में प्रतिभाशाली बच्चे हैं, बस उन्हें अवसर की आवश्यकता है। इस प्रकार के आयोजन से बच्चों में उत्साह के साथ ही मनोबल बढ़ता है। हमें बच्चों को बेहतर वातावरण प्रदान करना है। जिससे बच्चे शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ कर बेहतर भविष्य गढ़ सके। नटवर इंग्लिश मीडियम स्कूल में आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में चार विधाओं में अविभाजित रायगढ़ जिले के 9 विकास खंडों से प्रत्येक गतिविधि में प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त विद्यार्थियों ने भाग लिए। इस अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम में माध्यमिक एवं सेकेंडरी स्तर के विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता, माध्यमिक स्तर एवं प्राथमिक स्तर कबाड़ से जुगाड़ प्रतियोगिता, माध्यमिक एवं सेकेंडरी स्तर के विज्ञान प्रदर्शनी प्रतियोगिता तथा बुक मेला का आयोजन आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सभी विधाओं के गतिविधियों में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त बच्चों को जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक द्वारा सर्टिफिकेट तथा मोमेंटो प्रदान कर शुभकामनाएं दी गई कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी श्री बी.बाखला, जिला मिशन समन्वयक श्री नरेंद्र चौधरी, राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के जिला नोडल अधिकारी श्री आलोक स्वर्णकार, श्री भुवनेश्वर पटेल, श्री भूपेंद्र पटेल, एडीपीओ श्री जे.के.राठौर, बीआरसी श्री मनोज अग्रवाल, श्री राजकमल पटेल, श्री आशीष रंगारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी श्री जाटवार, बीआरसी श्री मनोज अग्रवाल, नटवर स्कूल प्राचार्य श्रीमती वर्गीस, श्री राजेंद्र, श्री विकास मिश्रा, श्रीमती गायत्री आलोक स्वर्णकार, श्रीमती सीमा पटेल, श्रीमती शिल्पी घोष, श्रीमती मेघा अग्रवाल, श्री बी.एल.गुप्ता, श्री विजय अग्रवाल, श्री पंडा, श्री सौरभ पटेल श्रीमती विष्मिता मिश्रा उपस्थित रही।

**प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता के हिस्से बने कलेक्टर श्री गोयल**नटवर स्कूल में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत आयोजित विज्ञान प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में कलेक्टर श्री कार्तिकेया गोयल भी शामिल हुए। प्रतियोगिता में अविभाजित रायगढ़ जिले सहित नौ विकासखंड के बच्चे शामिल हुए थे। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में बच्चों के बीच बैठे कलेक्टर श्री गोयल ने बच्चों के हाजिरी जवाब देख, उनकी सराहना करते हुए उनका उत्साह वर्धन किया। उन्होंने शिक्षा अधिकारी को कहा कि इस प्रकार की आयोजन नियमित रूप में होने चाहिए, ताकि बच्चों में प्रतियोगी माहौल में मनोबल बढ़ सके। कार्यक्रम में जिले के लगभग डेढ़ सौ बच्चों शामिल हुए थे।

**ये रहे विजेता** -नटवर स्कूल में आयोजित राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत प्राथमिक स्तर पर कबाड़ से जुगाड़ में प्रथम स्थान पर बरमकेला के बम्हनीपाली, द्वितीय स्थान पर विकासखंड पुसौर के मौहापाली एवं तृतीय स्थान में विकासखंड रायगढ़ के कुर्मापाली स्कूल रहा। माध्यमिक स्तर पर कबाड़ से जुगाड़ में प्रथम स्थान पर विकासखंड खरसिया पुरैना, द्वितीय स्थान पर विकासखंड बरमकेला के आमाकोनी तथा तृतीय स्थान पर विकासखण्ड पुसौर के छपोरा रहे। इसी प्रकार प्राथमिक स्तर क्विज में प्रथम स्थान रायगढ़ विकासखंड, द्वितीय स्थान में बरमकेला के महाराजपुर तथा तृतीय स्थान में धरमजयगढ़ के लामीखार रहे। माध्यमिक स्तर विज्ञान गणित क्लब में रायगढ़ विकासखंड का लोइंग प्रथम तथा खरसिया का जैमुरा द्वितीय स्थान रहा। माध्यमिक स्तर क्वीज प्रतियोगिता में रायगढ़ विकासखंड प्रथम, पुसौर द्वितीय तथा तृतीय स्थान पर तमनार रहे। सेकेंडरी स्तर साइंस क्विज प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पुसौर, द्वितीय स्थान पर खरसिया तथा तृतीय स्थान पर रायगढ़ रहा।

### कलेक्टर ने चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं, दिए निराकरण के निर्देश

**महासमुंद 13 फरवरी।** जिला कार्यालय में आज आयोजित जन चौपाल में जिले के दूरस्थ क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने कलेक्टर श्री प्रभात मलिक से मुलाकात की और उनके समक्ष अपनी मांगे व समस्याएं रखी। कलेक्ट्रेट में आयोजित जनचौपाल में 41 लोगों ने अपनी मांगों और समस्याओं को लेकर आवेदन दिए। उपरोक्त आवेदनों पर कलेक्टर श्री मलिक ने निराकरण और आवश्यक कार्यवाही हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। जनचौपाल कार्यक्रम में आर्थिक सहायता, वन भूमि में अधिकार पट्टा, भूमि का सीमांकन करने, श्रम पेंशन दिलवाने, धान बोनस की राशि, राशन कार्ड बनाने, प्रधानमंत्री आवास दिलवाने, ऑनलाइन अभिलेख दुरुस्त न होने सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए। उल्लेखनीय है कि कलेक्टर की निगरानी एवं देखरेख में प्राथमिकता से जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जा रहा है। जन चौपाल में दूरस्थ क्षेत्रों से अपनी समस्या लेकर पहुंचने वाले अनेक आवेदकों से कलेक्टर ने कहा कि जिला मुख्यालय आने से पूर्व एक बार संबंधित क्षेत्र के एसडीएम, जनपद सीईओ और तहसीलदार को अपना आवेदन अवश्य दें।

### उद्यमिता विकास प्रशिक्षण 16 से 22 फरवरी तक

**रायगढ़, 13 फरवरी।** मुख्यमंत्री युवा स्व-रोजगार योजना वर्ष 2023-24 के अन्तर्गत बैंक से स्वीकृत, बैंक में स्वीकति हेतु लंबित एवं नवीन जमा आवेदन के हितग्राहियों का एक सप्ताह का उद्यमिता विकास कार्यक्रम प्रशिक्षण 16 से 22 फरवरी 2024 तक प्रातः 11.00 बजे से आयोजित की जानी है। कार्यालय व्दारा सर्व संबंधित को प्रशिक्षण में शामिल होने हेतु दूरभाष पर सूचना दी गई है। जिन हितग्राहियों को समय पर सूचना नही मिल पाई है वे भी प्रशिक्षण में शामिल हो सकते है। ज्ञातव्य है कि योजनान्तर्गत ऋण वितरण हेतु प्रशिक्षण अनिवार्य है। योजनान्तर्गत बैंक द्वारा स्वीकृति प्राप्त हितग्राही उक्त प्रशिक्षण में पंजीयन हेतु 16 फरवरी को समय प्रातः 11.00 बजे अनिवार्यतः उपस्थित होवें। मुख्यमंत्री युवा-स्वरोजगार योजना अंतर्गत आवेदन अभी भी स्वीकार किये जा रहे है। उद्योग, सेवा एवं व्यवसाय हेतु इच्छुक युवा जो 18 से 35 वर्ष के आयु हो तथा 8 वीं उत्तीर्ण हो एवं परिवार की वार्षिक आय 3 लाख से कम हो आवेदन कर सकते है। मुख्य महाप्रबन्धक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र में संपर्क कर सकते है।

### उद्योग उन्नयन योजना पर जागरूकता कार्यक्रम 15 को

**रायगढ़, 13 फरवरी।** प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) योजना की विस्तृत जानकारी देने हेतु 15 फरवरी 2024 को जिला पंचायत रायगढ़ के सभाकक्ष में प्रातः 11 बजे से एक जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जिसमें खाद्य प्रसंस्करण इकाईयां स्थापित करने के इच्छुक उद्यमी, स्व-सहायता समूह एवं किसान उत्पादक संगठन भाग ले सकते हैं।मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र ने जानकारी देते हुए बताया कि खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत आत्मनिर्भर भारत के तहत प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्योग उन्नयन योजना (पीएमएफएमई) का संचालन जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से किया जा रहा है। खाद्य प्रसंस्करण के क्षेत्र में कार्यरत उद्यमी, स्व सहायता समूह एवं किसान उत्पादक संगठन इस योजना का लाभ ले सकते हैं।

## एक नजर



सिमगा, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। भाटापारा विधानसभा क्षेत्र के विधायक इंद्र साव के नेतृत्व में क्षेत्र में हो रही अवैध शराब बिक्री पर प्रतिबंध लगाने धर्म नगर दामाखेड़ा में नेशनल हाईवे पर चक्काजाम किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता, नागरिक उपस्थित रहे।

### तहसीलदारों की नवीन पदस्थापना

बलौदाबाजार, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। कलेक्टर चंदन कुमार ने कामकाज में प्रशासनिक कसावट लाने के उद्देश्य से तीन तहसीलदारों के कार्यक्षेत्र में स्थांतरण कर नवीन पदस्थापना की गई है। इसके तहत तहसीलदार सुहेला नीलमणि दुबे को तहसीलदार भाटापारा, तहसीलदार भाटापारा पेखन टोंडरे को तहसीलदार सोनाखान, तहसीलदार सोनाखान कुणाल सरबैया को तहसीलदार सुहेला बनाया गया है।

### 15 लीटर हाथ भट्ठी कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार




बलौदाबाजार, 13 फरवरी (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)। जिले में अवैध शराब बिक्री करने वालो के विरूद्ध कार्यवाही एवं त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ अधिकारियों के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार तिवारी के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली के अपराध क्र 102/24 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के आरोपी के विरूद्ध कार्यवाही किया गया आरोपी का नाम बीरसिंह साहू पिता शोभाराम साहू उम्र 36 वर्ष साकिन रसेडा थाना सिटी कोतवाली है। मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि 11 फरवरी मुखबीर की सूचना मिलने पर आरोपी बीरसिंह साहू पिता शोभाराम साहू उम्र 36 वर्ष साकिन रसेडा थाना सिटी कोतवाली से अवैध शराब 15 लीटर हाथ भट्ठी निर्मित कच्ची महुआ शराब कीमती 3000 रूपये को जप्त कर आरोपी का कृत्य अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट का पाये जाने से आरोपी को गिरफ्तार कर आब. एक्ट के तहत कार्यवाही किया गया है तथा न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है।

# श्रीमद्‌भागवत सभी पुराणों में सर्वोपरि व विशुद्ध प्रेम शास्त्र : हरगोपाल शर्मा

## रामचरित मानस महायज्ञ के श्रीमद् भागवत कथा में विधायक अनुज शर्मा सपत्निक पहुंचे



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता


**भाटापारा, 13 फरवरी।** श्रीपंचमुखी हनुमान यज्ञ आयोजन समिति द्वारा गत चौदह वर्षों से बसंत पंचमी के पावन अवसर पर होने वाले यज्ञ आयोजन की श्रृंखला में इस वर्ष रामचरित मानस महायज्ञ का शुभारंभ हो चुका है यज्ञ के साथ ही यज्ञ स्थल पर श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन रखा गया है जिसमे कथा व्यास के रूप में भाटापारा नगर के पंडित हरगोपाल शर्मा अपनी सरल व सुमधर वाणी से जनमानस को भागवत कथा का रसपान करा रहे है उन्होंने भागवत कथा का महात्म बताते हुए कहा भागवत समस्त वेदों व उपनिषदों का सार है जिसके श्रवण मात्र से पापी से पापी व्यक्ति भी सहज ही मुक्ति को प्राप्त कर लेता है श्रीमद् भागवत सभी पुराणों में सर्वोपरि है इसलिए इसे श्रीमद् शब्द के तिलक से अलंकृत किया गया है। एक जन्म नहीं अनंत जन्मों के भाग्य जब उदय होते है तभी श्रीमद् भागवत कथा श्रवण में रुचि हो पाती है दैहिक, दैविक, भौतिक तीनों प्रकार के तापों को नष्ट करने की जिनमें सामर्थ है उन्हीं भगवान के श्रीमुख से निः सृत ग्रंथ है श्रीमद् भागवत।

भागवत में परम धर्म का निरूपण किया गया है पं, हरगोपाल शर्मा ने कहा कि आपको अन्य किसी ग्रंथ को पढ़ने का समय ना मिले तो आप जीवन में भागवत पाठ का संकल्प ले लें मन में संकल्प आते ही हृदय में भगवान का प्राकट्य हो जाता है। उन्होंने भगवान शंकर द्वारा भगवती पार्वती को अमर कथा का श्रवण कराना व सुकदेव जी के जन्म की कथा को बड़े सुंदर ढंग व विस्तार से बताया मानव के लिए परम धर्म भगवान कृष्ण के चरणों में प्रीति है, जितने भी देवी देवता है सबका मूल कृष्ण है इसलिए चिंता को त्याग अनन्यता से भगवान कृष्ण का चिंतन करना चाहिए। उन्होंने महाभारत की कथा, उत्तरा के गर्भ में अश्वत्थामा के ब्रह्मास्त्र से परीक्षित की प्राण रक्षा एवं कुंती द्वारा भगवान की स्तुति को बहुत ही मार्मिक ढंग से बताया जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। भीष्म स्तुति, भगवान कृष्ण का द्वारिका गमन, कलि निग्रह, किसकी उपासना से क्या फल, वाराह अवतार व कपिलोपख्यान की कथा को बड़े ही विस्तार से सुनाया। कथा के प्रसंगों पर में बेबी श्रुति, शैलेंद्र उपाध्याय, गौरव शर्मा, पलास शर्मा द्वारा गाये सुमधुर भजनों पर झूमते भक्त व बृंदावन की सुंदर झांकी के बीच कथा पंडाल में भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिल रहा है। इस महाआयोजन में प्रथम दिवस धरसीवां विधायक पद्मश्री अनुज शर्मा सपत्नीक पहुंचे उनके साथ ही मदकुद्वीप से रामरूप दास जी महाराज, यज्ञ आयोजन के संयोजक पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, आरएसएस के प्रचारक नारायण नामदेव, रायपुर नगर निगम पार्षद आशु चंद्रवंशी, सांसद प्रतिनिधि मणिकांत मिश्रा, दिनेश जांगड़े, लक्ष्मी साहू, किरण बघेल सहित बलौदाबाजार यज्ञ आयोजन समिति के सदस्य सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

### बया चौकी एवं साइबर सेल की संयुक्त टीम ने ग्राम नरधा में की कार्रवाई

# कनतरा नाला किनारे महुआ शराब बनाने की एक फैक्ट्री पर छापा

■ नाला किनारे 10 बोरियों में छिपा कर रखा गया 250 किलोग्राम महुआ पाश बरामद कर किया गया नष्ट





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 फरवरी।** महुआ शराब बनाने वाले शराब कोचियों के लिए वनांचल क्षेत्र में गांव के बाहर जंगल के बीच से बहने वाले नदी/नाला का किनारा बहुत ही उपयुक्त स्थान होता है, ऐसे स्थान में कोचिए बड़ी आसानी से महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल महुआ पास, चूल्हे, बर्तन आदि एकत्रित करते हैं एवं लोगों की नजरों से छिपकर अवैध रूप से महुआ शराब बनाने का काम करते हैं। इसके लिए कोचियों को बड़ी आसानी से आसपास पानी, लकड़ी आदि भी मिल जाता है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा महुआ शराब बनाने वाले कोचियों एवं ऐसे स्थानों पर लगातार निगाह रखी जा रही है। इसी बीच साइबर सेल बलौदाबाजार से आर. अभिनव चौबे को सूचना मिली कि चौकी बया क्षेत्र अंतर्गत वनांचल क्षेत्र में ग्राम नरधा के पास घने जंगलों के बीच बहने वाले नाला किनारे भारी मात्रा में अवैध महुआ शराब का निर्माण किया जा रहा है।

उक्त सूचना पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सदानंद कुमार के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर 11 फरवरी को चौकी बया से प्रभारी प्रियेश जान, आर. सत्येंद्र कश्यप, साइबर सेल से आर. हेमंत नायक, अजय यादव, गोपाल पाल एवं अभिनव चौबे की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा ग्राम नरधा के पास स्थित घने जंगलों के बीच बहने वाले कनतरा नाला के पास छापा मारा गया। इस दौरान पुलिस टीम को उक्त स्थल से अवैध रूप से महुआ शराब बनाने में इस्तेमाल शक्कर, 02 एल्युमिनियम के बर्तन तथा लगभग 12,000 अनुमानित कीमत मूल्य का 10 बोरियों में भरा 250 किलोग्राम महुआ पाश बरामद किया गया। पुलिस टीम द्वारा इलाके का निरीक्षण करने पर महुआ शराब बनाने के लिए निर्मित बड़े चूल्हे भी वहां पर बना हुआ पाया गया, जिसे मौके पर ही तोड़ दिया गया। इसके पश्चात स्थल से बरामद 10 बोरी महुआ पास को नाला में बहाकर नष्ट किया गया है। जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा महुआ शराब निर्माण करने वाले संदिग्ध स्थानों पर लगातार छापेमारी जारी है तथा अवैध शराब निर्माण एवं इस अंवैधानिक कार्य को बढ़ावा देने वाले और असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कार्यवाही लगातार आगे भी जारी रहेगी।

# बलौदाबाजार में प्रेस क्लब भवन का हुआ उद्घाटन

■ कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने की क्लब के संचालन के लिए डेढ़ लाख रुपये की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 फरवरी।** बलौदाबाजार मे पत्रकार जगत के लिए यह एक अनोखा पत्रकारिता पारिवारिक सु-अवसर है जहाँ जिला बलौदाबाजार भाटापारा जिला बनने के बाद यह प्रथम अवसर है बलौदाबाजार मे प्रेस क्लब का गठन का पृष्ठभूमि तैयार हुआ इस पृष्ठभूमि से बलौदाबाजार मे खुशी की लहर व्याप्त है जहाँ इस गठन से बलौदाबाजार मे पत्रकार जगत मे नए अध्याय की शुरुवात मानी जा रही है। शहर के नवनिर्मित प्रेस क्लब का उद्घाटन शनिवार को शाम 6बजे प्रारम्भ हुआ।

कार्यक्रम के कड़ी में कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा खेलकूद एवं युवा कल्याण राजस्व एवं आपदा प्रबंधन छः ग शासन ने विधिवत फीता काटकर प्रेस क्लब भवन का लोकार्पण किया तत्पश्चात भारत माता एवं छत्तीसगढ़ महतारी की पूजा अर्चना की इस दौरान कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा ने सभी पत्रकारों से चर्चा करते हुए उन्हें कार्यक्रम में आमंत्रित करने के लिए धन्यवाद दिया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष राकेश वर्मा ने कहा कि पत्रकार ही एक ऐसा वर्ग है जो हमें रास्ता दिखाते हैं हम जब कभी भी कहीं कार्यक्रम में जाते हैं और हमारे द्वारा जो उद्बोधन दिया जाता है उनको अपने शब्दों में पत्रकार प्रस्तुत करते हैं तो वही हितेंद्र ठाकुर द्वारा उद्बोधन मे कहा कि सरकार किसी भी आलोचना से नहीं डरती. सरकार की कमियों को प्रदर्शित करना मीडिया का काम है. समाचार किसी भी संवेदना से रहित और तथ्यों पर आधारित होना चाहिए। लोकतंत्र को मजबूत करने के लिए मीडिया को मजबूत होना चाहिए।


**न्यायालय तहसीलदार डोंगरगढ़ के न्यायालय में मामला क्रमांक: 202402092200039**

विषय:-ब-121
मामले की श्रेणी:- राजस्व
सन्:- 2023-2024

बछेराभाठा प.ह.न. 00026 [(हे.)]
पक्षकारों का विवरण-
आवेदक पक्षकार- कैलाश कुमार,
अनावेदक पक्षकार-

**ईश्तहार**

एतद द्वारा सर्व सधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश कुमार आ. सुकलाल जाति तेली उम्र 47 वर्ष सा. बछेराभाठा तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम बछेराभाठा प.ह.न. 26 तहसील डोंगरगढ़ स्थित खाता क्रमांक 286 में ख.न. 111/15 रकबा 0.045 हे. कुल ख.न. 01 कुल रकबा 0.045 हे. कृषि भूमि राजस्व अभिलेख में तिजिया, कैलाश, यशवंत तीनों पति स्व. सुकलाल, भुवन, सुकालू दोनों पिता नरसिंग, द्वारका, किसून दोनों पिता बालाराम, अंजनी बाई, कौशिल्या पिता बालाराम, गुलाब, हितेश दोनों पिता कुंवरसिंग, मैना पिता कुंवरसिंग, मंगलीन पति स्व कुंवरसिंग सभी जाति तेली सभी सा. बछेराभाठा के नाम पर दर्ज व स्थित है। उक्त कृषि भूमि का मूल ऋण पुस्तिका कही गुम हो गई है, जिसकी सूचना स्थानीय पुलिस थाना डोंगरगढ़ में दर्ज किया गया है। अतः उक्त भूमि/आवेदित भूमि का डुप्लीकेट ऋण पुस्तिका प्रदान किये जाने बाबत निवेदन किया गया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर हो तो वह ईश्तहार प्रकाशन दिनांक 21.02.2024 उसके पूर्व स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित समयावधि बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 02/02/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर

तहसीलदार
डोंगरगढ़


# विधायक और अभिनेता अनुज शर्मा के साथ फोटो खिंचवा कर खुश हुईं छात्राएं



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 13 फरवरी।** धारसीवा विधानसभा क्षेत्र से निर्वाचित होने के बाद पहली बार भाटापारा आए अनुज शर्मा के साथ परीक्षा देकर बाहर आई छात्राये उनके साथ फोटो खिंचवा कर रेस्ट हाउस में बहुत खुश हुई।इस दौरान विधायक अनुज शर्मा ने सभी छात्राओ को परीक्षा में सफल होने की शुभकामना भी दी। विधायक अनुज शर्मा रेस्ट हाउस से कुछ देर रुकने के बाद यज्ञ स्थल पहुंचकर वहा चल रहे यज्ञ में भी शामिल हुए।

छत्तीसगढ़ की फिल्मों में अपने अभिनय का लोहा मनवाने वाले नगर के अनुज शर्मा छत्तीसगढ़ विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की ओर से धरसीवां विधानसभा क्षेत्र का प्रतिनिधित्व कर रहे है।अपने निजी प्रवास के दौरान उनका रविवार को नगर आगमन हुआ।रेस्ट हाउस में अनुज शर्मा के रुके होने की जानकारी जब छत्तीसगढ़ पी एस सी का एग्जाम देकर कन्या शाला से बाहर आई छात्राओ को लगी तो उनकी एक झलक पाने

छात्राये और उनके परिजन लालायित हो गए, इस बात की जानकारी जब विधायक अनुज शर्मा को लगी तो वे तुरंत बाहर आकर उनके साथ फोटो खिंचवाई और उनसे परीक्षा के बारे में चर्चा की और सभी को परीक्षा में सफल होने की शुभकामनाएं दी।अपने चहते छत्तीसगढ़ फिल्म के हीरो अनुज शर्मा के साथ फोटो खिंचवा कर सभी छात्राये खुश नजर आई और अभिनेता से नेता बने अनुज शर्मा के व्यवहार और मृदभाषा की जमकर तारीफ की।रेस्ट हाउस में कुछ देर अपने मित्रो, चाहने वालो और पत्रकारों से चर्चा करने के बाद वे नगर में चल रहे यज्ञ में शामिल होने अपनी पत्नी के साथ यज्ञ स्थल पहुंच कर उसमे शामिल हुए और इस आयोजन को लेकर खुशी जाहिर करते हुए आयोजनकर्ताओं को बधाई भी दी।

### चिरायु योजना से संवर रही है जिंदगी

# 6 वर्षीय श्रेया अब सुन पाएगी आवाज

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 13 फरवरी।** कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण कर रही राष्ट्रीय बाल सुरक्षा कार्यक्रम (चिरायु) की बलौदा बाज़ार टीम द्वारा दो बच्चों में क्रमशः स्तन में गांठ और जन्मजात श्रवण बधिता की पहचान कर उसका उपचार कराया है।

बलौदाबाजार के विकासखंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अभिजीत बनर्जी के अनुसार उक्त दोनों ही बच्चों की पहचान बलौदाबाजार की चिरायु टीम द्वारा की गई है। ग्राम अर्जुनी की 6 वर्षीय बच्ची श्रेया ध्रुव के पिता कृषक हैं। बच्ची के पिता ने जानकारी दी की जन्म से ही उनकी बेटी को सुनने की समस्या रही है कई जगहों पर जांच करवाने के पश्चात चिरायु दल के संपर्क में आने पर बच्ची के ऑपरेशन की व्यवस्था की गई। बच्ची के कान में कॉक्लियर मशीन लगाया गया है जिससे अब उसे सुनाई देने लगा है। इस ऑपरेशन में चिरायु की डॉ किरण देवांगन की टीम ने सहयोग किया गया। निजी अस्पताल में इसका उपचार 2 लाख से ऊपर का होता है। पर चिरायु के माध्यम से होने पर एक रूपये भी परिवार को देना नही पड़ा। उनके पिता ने इस सफल आपरेशन पर राज्य सरकार एवं जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद दिया है। इसी तरह एक दूसरे प्रकरण में बलौदा बाजार शहर की एक 16 वर्षीय किशोर बच्ची में चिरायु की डॉ आरजू परवीन की टीम द्वारा स्तन में गांठ की पहचान की गई। जिसका उपचार रायपुर के डॉ भीमराव अंबेडकर अस्पताल में किया गया।

जिले में चिरायु टीम द्वारा स्तन के गांठ की पहचान कर उसका उपचार किया गया है। चिरायु में इस में तरह का केस मिलना पहला मामला है। बच्ची के घर वालो ने भी जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एम पी महिस्वर ने बताया की चिरायु टीम द्वारा स्कूलों तथा आंगनवाड़ी केंद्रों में बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया जाता है। जिसमें किसी प्रकार की बीमारी पाई जाने पर उसके उपचार की निःशुल्क व्यवस्था की जाती है।


**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा, संभाग-रायपुर (छ.ग.)**

**ऑनलाईन प्रथम बार निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक-407**

**क्रमांक 317/निविदा/ग्रा.यां.सेवा/2023-24** **रायपुर दिनांक 09/02/2024**

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत (लोक निर्माण विभाग में) 'द' एवं उच्च श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से प्रपत्र-'अ' पर दर्शित सिविल कार्य हेतु **प्रमुख अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा द्वारा जारी दिनांक 01.11.2021** से प्रचलित प्रभावशील दर अनुसूची पर निविदा दर प्राप्त करने ऑनलाईन ई-निविदा दिनांक 26/02/2024 तक आमंत्रित की जाती है:-

| कार्य का विवरण | अनुमानित लागत राशि (रू. लाख में) |
|---|---|
| Zonal Tender (Different Type of Civil Works i.e. but each work not exceeding cost of Rs. 10.00 lacs) at Sub division Dharsiwa, Distt-Raipur(C.G.) | 35.00 |

उपरोक्त कार्यों की निविदा की सामान्य शर्तें, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल http://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 09/02/2024 से देखी जा सकती है।

**टीपः-** मैन्युअल दस्तावेज की अंतिम तिथि 28/02/2024 सायं 5.30 तक कार्यपालन अभियंता, ग्रा.यां.सेवा, संभाग रायपुर में पहुंचना अनिवार्य है।

**कार्यपालन अभियंता**
**ग्रामीण यांत्रिकी सेवा**
**संभाग-रायपुर (छ.ग.)**

जी-07732/5


# बारिश एवं ओलावृष्टि से फसल क्षति की भरपाई करेगी बीमा कम्पनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 13 फरवरी।** कृषि विभाग द्वारा संचालित केन्द्र पोषित प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत स्थानीय आपदाओं जैसे- ओलावृष्टि, बादल फटना, जलप्लावन, प्राकृतिक आकाशीय बिजली से आगजनी के कारण अधिसूचित रबी फसल (गेहूँ सिंचित, गेहूँ असिंचित, चना, सरसों) में नुकसान होने की स्थिति में बीमित कृषक को उसके व्यक्तिगत खेत स्तर के आधार पर क्षतिपूर्ति दिये जाने का प्रावधान है। यदि किसी अधिसूचित इकाई के 25 प्रतिशत से ज्यादा क्षेत्र में हानि होती है तो जिला स्तरीय संयुक्त समिति द्वारा नमूना जांच कर क्षति पूर्ति का निर्धारण किया जावेगा। कलेक्टर चंदन कुमार के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा जिले के समस्त मैदानी अधिकारियों के द्वारा ओलावृष्टि एवं असामयिक वर्षा से हुए नुकसान की भरपाई हेतु कृषकों के खेतों का निरीक्षण कर बीमा कम्पनी को तत्काल सूचित करने हेतु सलाह दिया गया है। रबी फसल 2023-24 में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत अपने फसल का बीमा कराया है एच.डी.एफसी. इरगो जनरल इन्शोरेन्स



कम्पनी लिमिटेड के टोल फ्री नम्बर 1800-266-0700 पर या 14447 पर कॉल कर निर्धारित समय-सीमा 72 घण्टे के भीतर बीमित फसल के ब्यौरे, क्षति का कारण सहित शिकायत कर सकते है साथ ही लिखित रूप में पॉलिसी विवरण के साथ स्थानीय कृषि अधिकारी/कार्यालय वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी/राजस्व, संबंधित बैंक, जिला कृषि/राजस्व पदाधिकारी को समय-सीमा में सूचना दे सकते है, जिससे कम्पनी द्वारा सर्वे किया जाकर फसल क्षति का आंकलन कर क्षति पूर्ति राशि प्रदाय किया जायेगा। यदि फसल कटाई प्रयोगों के आधार पर अधिसूचित क्षेत्र में दावा भुगतान स्थानीय क्षति पूर्ति से अधिक निर्धारित होती है, तो दोनों में से जो देय दावा अधिक होगा, बीमित कृषक को देय होगा।

### पीएम-किसान सम्मान निधि योजना में ई-केवायसी कराना अनिवार्य

भारत सरकार द्वारा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अंतर्गत अधिक से अधिक पात्र एवं वास्तविक किसानों को योजना का लाभ मिल सके, इस हेतु आगामी 16वीं किस्त जारी होने के पूर्व योजना में पंजीकृत ऐसे समस्त किसान जिनका ई-केवायसी लंबित है को ई-केवायसी कराना अनिवार्य है। ई-केवायसी पूर्ण होने के उपरांत ही पंजीकृत किसानों को किस्त की राशि जारी की जावेगी। जिले में कुल 1612 किसानों का ई-केवायसी लंबित है। जिसमें बलौदाबाजार 170, पलारी 226, भाटापारा 185, सिमगा 189, कसडोल 771 एवं शहरी क्षेत्र के 70 किसान शामिल है। जिसकी सूची मैदानी कृषि अधिकारियों एवं जिले के समस्त ग्राहक सेवा केन्द्रों को उपलब्ध कराई गई है। कलेक्टर चंदन कुमार ने किसानों अपील करते हुए कहा कि वे तत्काल अपने क्षेत्रीय कृषि अधिकारी एवं नजदीकी ग्राहक सेवा केन्द्र से सम्पर्क कर ई-केवायसी पूर्ण करा सकते है अथवा किसान स्वयं भी दिये गये लिंक https://e&link.pmkisan.gov.in/aadharekyc.asp& के माध्यम से ओ.टी.पी. आधारित ई-केवायसी पूर्ण कर सकते हैं। इस हेतु ग्रामवार समाधान शिविरों का आयोजन भी किया जा रहा है। साथ ही योजना के तहत् लाभ प्राप्त करने हेतु हितग्राहियों से आग्रह है कि, वे संबंधित बैंक में संपर्क कर आधार सीडिंग/डी.बी.टी. सक्रिय कराने हेतु आधार कार्ड एवं पासबुक की छायाप्रति, आवेदन के साथ बैंक में जमा करें अथवा नजदीकी पोस्ट ऑफिस में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक में आधार आधारित भुगतान हेतु नवीन खाता खुलवाऐं। ऐसे हितग्राही जिनके पंजीयन में भूमि विवरण आधार से लिंक नहीं है तो वे अपने क्षेत्रीय कृषि अधिकारी के पास आधार कार्ड एव बी-1 की छायाप्रति जमा कर पूर्ण करा सकते हैं।


**कार्यालय नगर पंचायत-चारामा, जिला-उ.ब. कांकेर (छ.ग.)**
**मैनुअल निविदा सूचना**
**Main Portal: https://cgstate.gov.in**

**क्रमांक/76/लो.नि.वि./न.पा./2023** **चारामा दिनांक 09.02.2024**

नगर पंचायत चारामा क्षेत्रान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में विभिन्न प्रकार के निर्माण कार्य/मरम्मत कार्य/सामाग्री क्रय इत्यादि हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली में पंजीकृत फर्म/ ठेकेदार/सप्लायरों से फार्म-ए एवं फार्म-बी में तीन-लिफाफा पद्धति से केवल स्पीड पोस्ट के माध्यम से मुहरबंद निविदायें आमंत्रित की जाती है। प्रत्येक कार्य हेतु अलग-अलग आवेदन शुल्क 100/- रूपये जमा करना अनिवार्य होगा।

(1) निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन करने की अंतिम तिथि - 22/02/2024 को सायं 5.00 बजे तक।
(2) कोरा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की अंतिम तिथि - 26/02/2024 को सायं 5.00 बजे तक।
(3) निविदा प्रपत्र प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि - 04/03/2024 को 3.00 बजे तक।
(4) निविदा प्रपत्र खोलने की तिथि - 04/03/2024 को सायं 4.00 बजे से।

उपरोक्त कार्यों हेतु निविदा संबंधी विस्तृत जानकारी कार्यालय में कार्यालयीन समय पर आकर या विभागीय वेबसाईट www.uad.cg.gov.in पर प्राप्त कर सकते हैं।

**मुख्य नगरपालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत चारामा**
**जिला उ.ब. कांकेर**

## एक नजर

### महिला के खाते से 97 हजार से अधिक रकम पार

**रायपुर, 13 फरवरी।** अज्ञात मोबाइल धारक ने स्वयं को बैंक कर्मचारी बताकर महिला के खाते से 2 बार में 97888 रुपए ठग लिया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया संगीता दीवान 31 वर्ष शांति विहार कालोनी डगनिया की रहने वाली है। बताया जाता है कि प्रार्थिया के पास अज्ञात मोबाइल नरंबर 92448-53754 से कॉल आया था। उक्त व्यक्ति ने अपने आप को बैंक का कर्मचारी बताकर प्रार्थिया से कहा कि आपके पिता जी का पैसा आया है। पैसा ट्रांसफर करने के नाम पर इसकी बहन सुरभि दुबे शर्मा को कांफ्रेस में लेकर पिता जी का पैसा ट्रांसफर कर रहा हूं कहकर आरोपी ने फोन पे के माध्यम से एसबीआई एवं डीएसबी बैंक के खाता से 2 बार में कुल 97888 रुपए ट्रांसफर कराकर धोखाधड़ी किया। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### अज्ञात व्यक्ति ने बनाई युवती की फर्जी आईडी, जुर्म दर्ज

**रायपुर, 13 फरवरी।** अज्ञात व्यक्ति द्वारा युवती के नाम पर इंस्टाग्राम में फर्जी आईडी बनाकर चलाने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थिया की शिकायत पर डीडीनगर पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थियाा साक्षी उपाध्याय 22 वर्ष रोहणीपुरम की रहने वाली है। बताया जाता है कि अज्ञात व्यक्ति ने इंस्टाग्राम में प्रार्थिया के नाम से फर्जी आईडी बनाकर चला रहा है। जिसकी जानकारी प्रार्थिया को होने पर उसने इसकी शिकायत डीडीनगर थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ आईटी की धारा 66 डी के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### आपसी रंजिश के चलते युवक को पीटा

**रायपुर, 13 फरवरी।** गोकुल नगर रामनगर में पुरानी रंजिश के चलते तीन युवकों ने एक युवक से गाली-गलौज कर मारपीट किया है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलााफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी हेमराज साहू 24 वर्ष गोकुल नगर रामनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी चंद्रकुमार, विकाश व रामा ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थी से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 294, 506, 323, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 8 चालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई

**रायपुर, 13 फरवरी।** खमतराई एवं धरसींवा थाना पुलिस के टीम ने मेन रोड में वाहन खड़ी कर आवागमन में बाधा पहुंचाने वाले 8 वाहन चालकों के खिलाफ कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार खमतराई पुलिस ने रावाभाठा मेन रोड में खड़े ट्रक क्रमांक एमएच 28 बीबी 5551 के चालक अनिल सिवाईल व ट्रक क्रमांक डब्ल्यूबी 11 डी 8228 के चालक जितेन्द्र कुमार के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की है। इसी तरह धरसींवा पुलिस ने ट्रक क्रमांक सीजी 16 ए 6100 के चालक मनी लाल, ट्रक क्रमांक ओडी 15 क्यू 1155 के चालक विद्याधर, ट्रक क्रमांक सीजी 17 एच 1470 के चालक राजू कुर्रे, ट्रक क्रमांक सीजी 19 बीएन 7898 के चालक कमलेश, ट्रक क्रमांक सीजी 11 एबी 3699 के चालक छोटन राम व ट्रक क्रमांक सीजी 04 जेई 5000 के चालक वेदप्रकाश के खिलाफ धारा 283 के तहत कार्रवाई की है।

### कॉम्पलेक्स के पास खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर, 13 फरवरी।** पचपेड़ी नाका स्थित साहू कॉम्पलेक्स के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दी। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी आदर्श लूनावत 30 वर्ष दावड़ा कालोनी टिकरापारा का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक सीजी 04 एनएच 3446 को पचपेड़ीनाका स्थित साहू कॉम्पलेक्स के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दी। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर टिकरापारा पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पत्नी पर चाकू से किया हमला

**रायपुर, 13 फरवरी।** पारिवारिक विवाद को लेकर युवक ने अपनी पत्नी पर चाकू से हमला कर घायल कर दिया। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थिया जमुना परमार 22 वर्ष शीतला चौक मंदिरहसौद की रहने वाली है। बताया जाता है कि आरोपी पति युवराज परमार ने पारिवारिक विवाद को लेकर प्रार्थिया से मारपीट किया और चाकू से पीठ व हाथ पर मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 294,506,323 एवं आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

# रेडी टू ईट प्रदाय का कार्य महिला स्वसहायता समूहों को सौंपे जाने पर विचार: राजवाड़े

**मुख्य नगर संवाददाता**

रायपुर, 13 फरवरी। महिला एवं बाल विकास मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े ने विधानसभा में बताया कि विष्णुदेव सरकार महिला स्वसहायता समूहों द्वारा रेडी टू ईट योजना के संचालन पर विचार कर रही है। पिछली सरकार ने छत्तीसगढ़ बीज विकास एवं कृषि विकास निगम के माध्यम से रेडी टू ईट प्रदाय करने का निर्णय लिया था। नई सरकार यह कार्य स्वसहायता समूहों को पुनः सौंपे जाने पर युक्तियुक्त कार्रवाई करेगी। विधानसभा में आज जशपुर की भाजपा विधायक रायमुनि भगत द्वारा पूछे गये प्रश्न के उत्तर में लक्ष्मी राजवाड़े ने यह जानकारी दी। अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने मुख्यमंत्री के इस निर्णय की तारीफ करते हुए कहा कि यह निर्णय समसामयिक है। पिछली सरकार द्वारा यह कार्य एक निजी कंपनी को दे देने के कारण काफी विवाद पैदा हो गया था।

छत्तीसगढ़ विधानसभा की 7वां दिन की कार्यवाही आज मंगलवार को फिर से शुरू हो गई है। आज कार्यवाही के दौरान पक्ष विपक्ष के बीच नोकझोंक देखने को मिला। विधानसभा में आज आंगनबाड़ी का मुद्दा उठा। भाजपा विधायक गोमती साय ने आंगनबाड़ी की स्थिति सुधार को लेकर सवाल उठाया।

उन्होंने 2023 में जशपुर के शासकीय अस्पताल के शौचालय में एक महिला के प्रसव होने और वहां उसके घंटों तक बेहोश रहने की जानकारी देते हुए इस मामले में दोषी डॉक्टर और स्टाफ पर कार्यवाही करने की बात कही। मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने मामले की गंभीरता को देखते हुए कहा कि इस तरह की किसी भी घटना की जानकारी अगर उन्हें मिलती है तो कार्रवाई की जाएगी।

वहीं कांग्रेस के विधायक द्वारकाधीश ने कहा कि जशपुर की इस घटना से अंदाज लगाया जा सकता है कि सरकारी अस्पताल की क्या स्थिति है। कांग्रेस विधायक दिलीप लहरिया ने आंगनबाड़ी केंद्रों को लेकर सवाल पूछा।




उन्होंने कहा कि कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं, कहां संचालित किए जा रहे हैं?

जवाब में मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि शासकीय भवनों में आंगनबाड़ी संचालित हो रहे हैं। 76 आंगनबाड़ी केंद्र, 6 मिनी आंगनबाड़ी भवन विहीन हैं, मंत्री ने भवन विहीन आंगनबाडियों के जल्द भवन निर्माण का भरोसा दिलाया।

## राशन कार्ड को आधार कार्ड से किया जाएगा लिंक: खाद्य मंत्री

**बार-बार राशन छपवाने से हो रहा करोड़ों का खर्च : मूणत**

प्रदेश के खाद्य मंत्री दयालदास बघेल ने कहा कि बीपीएल तथा एपीएल कार्डधारकों को आधार कार्ड से लिंक करने का काम किया जाएगा ताकि प्रदेश में फर्जी राशन कार्ड बनाने का प्रचलन फिर से चालू न हो। खाद्य मंत्री से आज मोतीलाल साहू ने बीपीएल व एपीएल कार्ड के बारे में जानकारी मांगी। भाजपा के सचेतक एवं विधायक राजेश मूणत ने कहा कि प्रदेश में बार-बार राशन कार्ड बनाए जा रहे हैं इसे रोका जाना चाहिए। इसमें करोड़ों रुपए खर्च हो रहे हैं। मूणत ने राशन कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने की मांग की। खाद्य मंत्री ने बताया कि राशन कार्ड को आधार कार्ड से जोड़ने का 98 प्रतिशत काम पूरा हो चुका है। छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र के सातवें दिन सदन में भारतीय जनता पार्टी के विधायक मोतीलाल साहू ने प्रदेश में बीपीएल तथा एपीएल कार्ड से संबंधित जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि महिलाओं को राशन दुकानों का चक्कर लगाना पड़ रहा है, उन्हे खाद्यान्न मिल रहा है ऐसे मामलों की जांच कराएंगे क्या? इसी तरह भाजपा के विधायक राजेश मूणत ने राशन कार्ड को आधार कार्ड से लिंक करने की मांग की। इस पर विभागीय मंत्री दयालदास बघेल ने कहा, राशनकार्ड आधार से लिंक किए जा रहे है। 98 प्रतिशत राशन कार्ड लिंक से जुड़ चुके है।विभाग से सम्बंधित आंगनबाड़ियों को लेकर कांग्रेस के सदस्य दिलीप लहरिया ने मंत्री से जवाब माँगा। दिलीप लहरिया ने पूछा कितने आंगनबाड़ी केंद्र भवन विहीन हैं, कहां संचालित किए जा रहे हैं? इस पर जवाब देते हुए विभागीय मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने बताया कि आंगनबाड़ियों का संचालन शासकीय भवनों में हो रहा हैं। इस तरह 76 आंगनबाड़ी केंद्र, 6 मिनी आंगनबाड़ी भवन विहीन हैं।

## रविवि के परीक्षाओं की समय सारिणी जारी



**रायपुर 13 फरवरी।** रविशंकर विश्वविद्यालय ने शिक्षा सत्र 2023-24 की वार्षिक परीक्षाओं के लिए समय-सारिणी जारी कर दी है। इस बार रविवि की वार्षिक परीक्षाएं 5 मार्च से शुरू होकर 18 मई तक आयोजित की जाएगी. जानकारी के मुताबिक इस साल पहली बार विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाएं दो पालियों में हो रही हैं. पहली पाली में परीक्षाएं सुबह आठ बजे से और दूसरी पाली में दोपहर एक बजे से शुरू होगी. इससे पहले परीक्षाएं तीन पालियों में होती थीं.

बता दें कि पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की वार्षिक परीक्षाओं के लिए पिछले दिनों आवेदन मंगवाए गए थे. इस बार लगभग एक लाख 35 हजार छात्रों ने आवेदन किया है. विश्वविद्यालय द्वारा जारी समय-सारिणी के अनुसार बीए की परीक्षा पांच मार्च से शुरू होकर 16 मई तक चलेगी. वहीं बीएससी का पेपर पांच मार्च से शुरू होकर 15 मई तक होगा. अन्य परीक्षा बीकाम पांच मार्च से 29 अप्रैल, बीसीए की परीक्षाएं पांच मार्च से 25 अप्रैल तक होंगी. बीए, बीएससी की परीक्षाएं दो महीने से ज्यादा दिनों तक चलेंगी.

इसी तरह एमए हिंदी की परीक्षा 15 अप्रैल से आठ मई तक, एमए अंग्रेजी 10 अप्रैल से एक मई तक, एमए राजनीति विज्ञान 10 अप्रैल से 30 अप्रैल तक होंगी. इसी तरह एमए इतिहास 15 अप्रैल से सात मई तक, एमए अर्थशास्त्र 10 अप्रैल से एक मई तक और एमकाम 15 अप्रैल से 18 मई तक होगी।

### सरेआम शराब पीते 15 गिरफ्तार

**रायपुर, 13 फरवरी।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 15 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। मिली जानकारी के अनुसार मोवा पुलिस ने आरोपी रिलांयस मार्ट मोड़ के पास सरेआम शराब पीते आरोपी भरत कुमार साहू 34 वर्ष एवं उरला पुलिस ने आरोपी राजेंश्वर गेंदले 32 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरहह खम्हारडीह पुलिस ने आरोपी विकाश साहू 23 वर्ष, किशन साहू 22 वर्ष व कमलेश्वर पटेल 28 वर्ष को गिरफ्तार किया है। वहीं टिकरापारा पुलिस ने आरोपी करण साहू 19 वर्ष, अजय साहू 26 वर्ष व अमीत वर्मा 20 वर्ष को गिरफ्तार किया है। इसी तरह आमानाका पुलिस ने आरोपी ईशाक खान 19 वर्ष व प्रदीप कुमार यादव 39 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## रायपुर सांसद सोनी उत्तर, दक्षिण विधानसभा के वार्डों में लग रहे महतारी वन्दन शिविरों में पहुँचे

**रायपुर, 13 फरवरी।** आज रायपुर लोकसभा सांसद सुनील सोनी ने रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तहत नगर निगम जोन क्रमांक 4 के तहत आने वाले सिविल लाईन वार्ड क्रमांक 47 के क्षेत्र में जय बूढ़ी माता मन्दिर के समीप महतारी वन्दन योजना के आवेदन प्राप्त करने लगाये गये शिविर, दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के तहत डॉक्टर विपिन बिहारी सूर वार्ड नम्बर 64 के तहत वीरभद्र नगर सामुदायिक भवन में लगाये गये शिविर, रायपुर उत्तर विधानसभा क्षेत्र के तहत शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 के क्षेत्र में शंकर नगर चैपाटी के समीप लगाये जा रहे शिविर, उत्तर विधानसभा क्षेत्र के तहत महात्मा गाँधी वार्ड नम्बर 12 के क्षेत्र में मधु पिल्ले स्कूल परिसर में लगाये गये महतारी वन्दन योजना शिविर की व्यवस्था का अवलोकन नगर निगम उप नेता प्रतिपक्ष एवं वार्ड नम्बर 64 के पार्षद श्री मनोज वर्मा,निगम जोन क्रमांक 3 के जोन अध्यक्ष एवं वार्ड नम्बर 12 के पार्षद डॉक्टर प्रमोद साहू, शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 की पार्षद श्रीमती सुमन राम प्रजापति, सिविल लाईन वार्ड क्रमांक 47 की पार्षद श्रीमती नीलम नीलकंठ जगत, निगम अपर आयुक्त श्री विनोद पाण्डेय, सम्बंधित जोन 3 कार्यपालन अभियन्ता श्री सुशील मोडेस्टस, श्री राकेश अवधिया, जोन 4 कार्यपालन अभियन्ता श्री पद्माकर श्रीवास, सम्बंधित जोन अधिकारियों की उपस्थिति में किया।

## छठे पशु विकास दिवस पर 1 लाख से अधिक मवेशियों का इलाज

**रायपुर 13 फरवरी।** रायपुर, सरायपाली, सारंगढ़, बैकुंठपुर, धमतरी और पिथौरा सहित 14 राज्यों में 460 से अधिक स्थानों पर पशु शिविर आयोजित किए गए और एक ही दिन में 1 लाख से अधिक मवेशियों का इलाज किया गया। कंपनी को पशु विकास दिवस के छठे संस्करण के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन के प्रोविजनल सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया है। एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट के 4,000 से अधिक कर्मचारी देशभर में वार्षिक पशु विकास दिवस कार्यक्रम के लिए अपनी स्वेच्छा से शामिल हुए। 4-10 फरवरी तक कुल 315 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए, जिससे 30,000 से अधिक लोग लाभान्वित हुए।



भारत की अग्रणी एनबीएफसी में से एक एसएमएफजी इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड (पूर्व में फुलर्टन इंडिया क्रेडिट कंपनी लिमिटेड) ने अपना छठा पशु विकास दिवस (पीवीडी)आयोजित किया। यह देश में सबसे बड़ा एक दिवसीय पशु देखभाल शिविर के रूप में जाना जाता है। इस वर्ष, कंपनी ने देश भर में आयोजित सबसे बड़े एक दिवसीय पशु देखभाल शिविरों के लिए वर्ल्ड रिकॉर्ड्स यूनियन सर्टिफिकेट भी हासिल किया। पिछले कुछ संस्करणों में, पीवीडी को भारतभर में आयोजित सबसे बड़े एकल दिवसीय मवेशी देखभाल शिविर के लिए 2015 लिम्का बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में शामिल किया गया था। 2018 में बेस्ट ऑफ इंडिया रिकॉर्ड्स द्वारा विश्व के सबसे बड़े एकल दिवसीय मवेशी देखभाल शिविर के रूप में, 2019 और 2023 में वर्ल्ड बुक्स ऑफ रिकॉर्ड्स द्वारा सबसे बड़े मवेशी देखभाल शिविर के रूप में शामिल किया गया था।

### हुरुन इंडिया ने जारी किया मूल्यवान निजी कंपनियों की सूची

**रायपुर , 13 फरवरी।** बरगंडी प्राइवेट, एक्सिस बैंक के प्राइवेट बैंकिंग बिजनेस और हुरुन इंडिया ने 2023 बरगंडी प्राइवेट हुरुन इंडिया 500 लॉन्च किया, जो भारत की 500 सबसे मूल्यवान कंपनियों की सूची का तीसरा संस्करण है। इन कंपनियों को उनके मूल्य के अनुसार स्थान दिया गया है, जिसे सूचीबद्ध कंपनियों के लिए बाज़ार पूंजीकरण और गैर-सूचीबद्ध कंपनियों के लिए मूल्यांकन के रूप में परिभाषित किया गया है। इस सूची में कंपनियों को शामिल करने की अंतिम तिथि 30 अक्टूबर 2023 थी। यह सूची में केवल भारत में मुख्यालय वाली कंपनियों को शामिल किया गया है। इसमेंसरकारी स्वामित्व वाली कंपनियां और विदेशी या भारतीय कंपनियों कीसहायक कंपनियां शामिल नहीं हैं।

### जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च की घोषणा

**रायपुर 13 फरवरी।** बिलियन अमेरिकी डॉलर के मूल्यांकन वाले जेएसडब्ल्यू ग्रुप की सहायक कंपनी, जेएसडब्ल्यू वन ने आज जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी के लॉन्च की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य गुणवत्ता और विश्वसनीयता के लिए नए मानक स्थापित करते हुए, भारत की निर्माण महत्वाकांक्षाओं को सशक्त बनाना है। बीआईएस-प्रमाणित जेएसडब्ल्यू वन टीएमटी बार्स, ग्राहकों को एक टीएमटी में 10 गुना लाभ प्रदान करके नए मानक स्थापित करते हैं।



रायपुर 13 फरवरी। रिंग रोड पर ट्रकों की पार्किंग।

## अवैध शराब बेचते 6 युवक गिरफ्तार

**रायपुर, 13 फरवरी ।** राजधानी पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में अवैध शराब बेचते 6 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कुल 118 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 1570 रुपए जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार गुढ़ियारी पुलिस ने मंगल बाजार के पास अवैध शराब बेचते आरोपी छोटेलाल गरूड 60 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसके पास से 18 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 220 रुपए जब्त किया है। इसी तरह उरला पुलिस ने आरोपी श्रवण विश्वकर्मा 19 वर्ष के पास से 14 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 400 रुपए जब्त किया है। वहीं मंदिरहसौद पुलिस ने आरोपी नोएस सिंग बंजारे 40 वर्ष के पास से 33 पाव देशी शराब जब्त किया है। वहीं अभनपुर पुलिस ने आरोपी तोरण साहू 50 वर्ष के पास से 21 पाव देशी शराब एवं बिक्री रकम 300 रुपए जब्त किया है।

### अफीम बेचते युवक पकड़ाया

**रायपुर, 13 फरवरी ।** राजेन्द्र नगर पुलिस ने एक्टिवा वाहन में अफीम बिक्री करते एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है। राजेन्द्र नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर बिजली ऑफिस पुरैना के पास एक्टिवा सवार आरोपी सुंदर सिंह 30 वर्ष को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के पास से 22 ग्राम अफीम व बिक्री रकम 2 हजार रुपए जब्त किया है।


## शादियों से 5.5 लाख करोड़ रुपये के व्यापार का अनुमान: अमर

**रायपुर 13 फरवरी।** देश के सबसे बड़े व्यापारिक संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्री अमर पारवानी एवं प्रदेश अध्यक्ष श्री जितेन्द्र दोशी ने बताया कि प्रदेश सहित पूरे देश में व्यापारी वर्ग 15 जनवरी से लेकर 15 जुलाई तक चलने वाले वर्तमान विवाह सीजन को लेकर बेहद उत्साहित हैं। एक अनुमान के अनुसार इस अवधि के दौरान प्रदेश सहित देश भर में लगभग 42 लाख विवाह आयोजित होने की संभावना है, जिससे विवाह संबंधित खरीदारी और सेवाओं के माध्यम से लगभग 5.5 लाख करोड़ रुपये की भारी धन राशि देश भर के बाज़ारों में आएगी। यह आँकलन कनफ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की रिसर्च शाखा कैट रिसर्च एंड ट्रेड डेवलपमेंट सोसाइटी द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के 30 विभिन्न शहरों के व्यापारी और सेवा प्रदाताओं से बातचीत के आधार पर किया गया है । राष्ट्रीय वरिष्ठ उपाध्यक्ष अमर पारवानी, चेयरमेन मगेलाल मालू, अमर गिदवानी, प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन, वाशु माखीजा, महामंत्री सुरिन्द्रर सिंह, कार्यकारी महामंत्री भरत जैन, एवं कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल ने बताया कि प्रदेश सहित देश भर में लगभग 42 लाख विवाह आयोजित होने की संभावना है जिससे करीब ? 1.5 लाख करोड़ का व्यापारिक राजस्व मिलेगा। पिछले साल, 14 दिसंबर को समाप्त हुए विवाह सीजन में लगभग 35 लाख विवाह हुए थे, जिनके खर्च का अनुमान ? 4.25 लाख करोड़ था।

इस विवाह सीजन के दौरान, अनुमान है कि लगभग 5 लाख विवाह की प्रति विवाह लागत ? 3 लाख होगी, जबकि लगभग 10 लाख विवाह की प्रति विवाह की लागत लगभग ? 6 लाख होगी। इसके अतिरिक्त, 10 लाख विवाहों की अनुमानित लागत प्रति विवाह ? 10 लाख होगी, वहीं 10 लाख विवाह की लागत ? 15 लाख प्रति विवाह होगी। जबकि 6 लाख विवाह ? 25 लाख की लागत से होना अपेक्षित है। इसके अलावा 60 हजार विवाह जिनकी लागत प्रति विवाह ? 50 लाख होगी, और 40 हजार विवाह जिनकी लागत ? 1 करोड़ से अधिक होगी। समग्र रूप से, इस छह महीने के दौरान, विवाह संबंधित खरीदारियों एवं सेवाओं के ज़रिये से लगभग ? 5.5 लाख करोड़ के व्यापार का अनुमान है। श्री पारवानी एवं श्री दोशी ने कहा कि इस वैवाहिक माँग को देखते हुए देश भर के संबंधित व्यापारियों ने विवाह संबंधित सामग्रियों की पर्याप्त स्टॉकिंग की है ताकि ग्राहकों की पसंद और मांग को पूरा किया जा सके। उन्होंने बताया कि प्रत्येक विवाह के लिए लगभग 20 प्रतिशत खर्च दुल्हन और दुल्हे के पक्ष को को जाता है।

## डायसिस की बैठक में कई निर्णय

**रायपुर 13 फरवरी।** छत्तीसगढ़ डायसिस चर्च ऑफ नार्थ इंडिया की त्रिवार्षिक डायसिसन काउंसिल बिशप द राइट रेवरेंड एस.के. नंदा की अध्यक्षता में अग्रसेन धाम में हुई। काउंसिल में तीन साल के आत्मिक विकास के रोड मैप को मंजूरी दी गई। साथ ही छत्तीसगढ़ की कलीसियाओं, चर्चों, अस्पतालों, स्कूलों, हॉस्टलों व अन्य संस्थाओं को नया स्वरूप देने, अपडेट करने तथा डेवलपमेंट की योजनाओं को मंजूरी दी गई है। काउंसिल में नई कार्यकारिणी व समितियों का भी निर्वाचन हुआ। डायसिस के नए सचिव के रूप में नितिन लॉरेंस को दोबोरा जिम्मेदारी सौंपी गई है। जयदीप रॉबिंसन को कोषाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। नए पदाधिकारियों ने सोमवार को पदभार ग्रहण कर लिया। नई कार्यकारिणी में उपाध्यक्ष पादरी समीर फ्रेंकलीन होंगे। सदस्यों में पादरी रवींद्र मसीह, पादरी असीम विक्रम, पादरी शैलेष लूक सालोमन, प्रमोद मसीह, सुशील गुप्ता, अमित दास, अभिषेक फिलिप, स्मिता बख्श, अंजना भगत, रूचि धर्मराज व आशीष बाघे होंगे। इसी तरह फाइनेंस कमेटी, स्टिवर्टशिप कमेटी, मिनिस्ट्रियल कमेटी,



प्रापर्टी कमेटी, डासिसन टेन, डेलिगेट ऑफ द सिनड, डायसिसन कोर्ट, रीलीजियस एजुकेशन डायरेक्टर, रिप्रजेंटेटिव टू सीडीबीई, रिप्रजेंटेटिव ऑफ गास मेमोरियल सेंटर, लॉ एंड प्रोसिसजर कमेटी, भी बनाई गई है। मिनिस्ट्रियल कमेटी के अध्यक्ष पादरी एसके नंदा और सचिव पादरी प्रणय टोप्पो हैं। भंडारीपन कमेटी के चेयरमेन पादरी सुमेंदु अधिकारी सेक्रेटरी पादरी नवीन मसीह हैं। प्रापर्टी कमेटी के अध्यक्ष बिशप एसके नंदा हैं। क्रिश्चयन लाइफ मिशन एंड इंवेंजलिज्म कमेटी के अध्यक्ष पादरी प्रमेंद्र मसीह हैं। रिलीजियस एजुकेशन एंड ले- एक्टिविटी कमेटी के अध्यक्ष पादरी पंकज गुलजार हैं।

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26